لَكَ خُشَّعُ اِلٰهِی فَاَنْشِرْنِی عَلٰی دِینِ اَحْمَدٍ مُنِیبًا تَقِیًّا قَانِتًا

जब तलक बंदे रहें महवे मुनाजातो दुआ। सहा०rफा अलविया में एक और मनज़ूम मुनाजात

لَكَ اَخْضَعُ وَلَا تَحْرِمَنِّی یَا اِلٰهِی وَسَیِّدِی شَفَاعَتَهُ الْكُبْرٰی

अमीरूल मोमिनीन (अ) से नक़्ल की गई है। जिसका आगाज़ या सामेउद दोआ से होता है

فَذَاكَ الْمُشَفَّعُ وَصَلِّ عَلَیْهِمْ مَا دَعَاكَ مُوَحِّدٌ وَنَاجَاكَ

मगर क्योंकि इसमे कुछ मुश्किल शब्द और दूश्वारे लुगात हैं लेहाज़ा बिना बर इख़्तेसार इस

اَخْیَارٌ بِبَابِكَ رُكَّع

स्थान पर उनका ज़िक्र नहीं किया जा रहा है।

अमीरूल मोमिनीन (अ) की मुनाजात के तीन कलेमात

اِلٰهِی كَفٰی بِیْ عِزًّا اَنْ اَكُونَ لَكَ عَبْدًا وَ كَفٰی بِیْ فَخْرًا اَنْ

ख़ुदाया मेरी इज़्ज़त के लिए ये काफ़ी है के मै तेरा बंदा हूँ। और मेरे फ़क्र के लिए ये काफ़ी है तू

تَكُونَ لِیَ رَبًّا اَنْتَ كَمَا اُحِبُّ فَاجْعَلْنِی كَمَا تُحِبُّ

मेरा रब है। मालिक तू ऐसा है जैसा मै चाहता हूँ। अब मुझे भी वैसा ही बना दे जैसा तू चाहता है।

भाग - 2

महीनों के आमाल

महीनों के आमाल और फ़ज़ाएल, नौरोज़ के आमाल और रूमी महीनों के आमाल। इस अध्याय में कुछ वर्ग हैं।

वर्ग1-

रजब

वाज़ेह रहे के रजब शाबान इन्तेहाई बाबरकत महीने हैं और उनके फ़ज़ाएल में बेशुमार रिवायात वारिद हुई हैं। रसूले अक्रम (स) से यहाँ तक नक़्ल किया गया है के माहे रजब ख़ुदा का अज़ीम महीना है और यह वो महीना है जिसकी फ़ज़ीलत को कोई महीन नहीं पा सकता है।

और जिसमें काफ़िरों से जेहाद को भी हराम कर दिया है।

रजब ख़ुदा का महीना है, शाबान मेरा महीना है और माहे रमज़ान मेरी उम्मत का महीना है। अगर कोई व्यक्ति माहे रजब में रोज़ा रखे तो परवरदिगार की ख़ुशनूदी का हक़दार होगा और उसके गज़ब से महफ़ूज़ हो जाएगा और उसके लिए जहन्नम के दरवाज़े बंद हो जाएंगे।

इमामे मूसा काज़म (अ) से नक़्ल किया गया है के जो व्यक्ति माहे रजब में एक दिन रोज़ा रखेगा जहन्नम की आग उससे एक साल के फ़ासले तक दूर हो जाएगी। और जो व्यक्ति तीन दिन रोज़ा रखेगा उसके लिए जन्नत लाज़म हो जाएगी। उसके अलावा फ़रमाया के रजब जन्नत में एक नहर का नाम है जो दूध से ज़्यादा सफ़ेद और शहद से ज़्यादा मीठा- माहे रजब में एक दीन रोज़ा रखने वाला भी उस नहर से सैराब किया जाएगा।

इमाम जाफ़रे सादिक़ (अ) से नक़्ल किया गया है के रसूले अक्रम (स) ने फ़रमाया है के माहे रजब मेरी उम्मत के इस्तेग़फ़ार का महीना है। लेहाज़ा इस महीने में खुदा से ज़्याया से ज़्यादा मग़फ़ेरत मांगो के ख़ुदा बहुत बख़्शनेवाला और मेहेरबान है। और रजब को असब इस लिए कहा जाता है के इस महीने

में उम्मत पर रहमते परवरदिगार की बारिश होती है। लेहाज़ा मुसलसल कहे: मै अल्लाह से माफ़ी मांगता हूँ और मेरी तौबा क़ुबूल होने की दुआ माँगता हूँ। इब्ने बाबवय ने मोतबर सनद के साथ इब्ने सालिम से रिवायत की है के मैं आख़िरे माहे रजब में इमाम जाफ़र सादिक़ (अ) की ख़िदमत में हाज़र हुआ। जबके सिर्फ़ चंद दिन बाकी रह गए थे। तो हज़रत ने मुझे देखकर फ़रमाया के क्या तुमने इस महीने में रोज़ा रखा है? मैंने कहा नहीं। आपने कहा: कितना सवाब तुमने खो दिया जिसकी मिक़दार को ख़ुदा के अलावा और कोई नहीं जानता है। यक़ीनन यह महीना वह है जिसको अल्लाह ने दूसरे महीनों पर फ़ज़ीलत दी है। उसकी हुरमत को अज़ीम बनाया है और इस माह में रोज़ा रखनेवालों की करामत को अपने लिए वाजिब क़रार दिया है। तो मैंने कहा: ऐ फ़रज़ंदे रसूल, अगर बाक़ी दिनों में रोज़ा रख लिया जाए तो क्या इसमें से कोई सवाब हासिल हो जाएगा? फ़रमाया सालिम जो व्यक्ति माहे रजब के आख़र में एक दिन रोज़ा रखेगा परवरदिगारे आलम उसको सकराते मौत से नजात दे देगा। और मरने के बाद क़ब्र के हौल से महफ़ूज़ रखेगा। और अगर कोई महीने के अंत में दो दिन रोज़ा रख लेगा तो वह सिरात से बा आसानी गुज़र जाएगा और अगर तीन दिन रोज़ा रखेगा तो क़यामत के ख़ौफ़ से महफ़ूज़ हो जाएगा। और उस दिन की शिद्दत और हौल से अमन में रहेगा। और ख़ुदा उसे जहन्नम से नजात का परवाना अता फ़रमा देगा।

याद रखो के रोज़ा माहे रजब के लिए बेशुमार फ़ज़ीलत वारिद हुई है। और यहाँ तक के रिवायत में है के अगर कोई व्यक्ति रोज़ा रखने के क़ाबिल न हो तो रोज़ाना सौ बार यह तसबीह पढ़े ताके उसे रोज़े का सवाब मिल जाए: पाकीज़ा है वो ख़ुदाए जलील। पाकीज़ा है वो जिसके अलावा किसी के लिए तसबीह नही है। पाकीज़ा है वो ख़ुदाए अज़ीज़ो करीम। पाकीज़ा है वो जिसका लिबास इज़्ज़त है। और वो उस लिबास के लाएक है।

आमाले माहे रजब की दो किसमें हैं

पहली किस्म: मुश्तरेका आमाल जो पूरे महीने के लिए हैं और किसी दिन से मख़सूस नहीं हैं। और वह चंद चीज़ें हैं।

रजब के आमाल

1. तमाम माहे रजब में यह दुआ पढ़े जो रजब की पहली तारीख़ को इमाम ज़ैनुल आबेदीन (अ) ने पढ़ी थी:

يَا مَنْ يَّمْلِكُ حَوَائِجَ السَّائِلِيْنَ، وَ يَعْلَمُ ضَمِيْرَ الصَّامِتِيْنَ، لِكُلِّ

ऐ वो जो मांगने वालों की ज़रूरतों का जिम्मेदार और ख़ामोश लोगों के हाले दिल का जाननेवाला

مَسْأَلَةٍ مِنْكَ سَمْعٌ حَاضِرٌ، وَجَوَابٌ عَتِيْدٌ. اَللّٰهُمَّ وَمَوَاعِيْدُكَ

है। हर सवाल के लिए तेरी समाअत हाज़र और तेरा जवाब आमादा है। ख़ुदाया तेरे वादे सच्चे

الصَّادِقَةُ، وَاَيَادِيْكَ الْفَاضِلَةُ، وَ رَحْمَتُكَ الْوَاسِعَةُ فَاَسْأَلُكَ اَنْ

तेरी नेमतें बहुत ज़्यादा और तेरी रहमत बहुत फैली हुई है। मेरा सवाल ये है के मुहम्मद व आले

تُصَلِّيَ عَلٰى مُحَمَّدٍ وَّ آلِ مُحَمَّدٍ وَّ اَنْ تَقْضِيَ حَوَائِجِيَ لِلدُّنْيَا وَ الْآخِرَةِ،

मुहम्मद पर रहमत नाज़ल फ़रमा और मेरी दुनिया व आाख़िरत की हाजतों को पूरा फ़रमा दे के

اِنَّكَ عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيْرٌ.

तू हर शै पर क़ुदरत रखने वाला है।

2. हर दिन रजब के महीने में इस दुआ को पढ़े जो इमाम जफ़रे सादिक़ (अ) से नक़्ल की गई है:

خَابَ الْوَافِدُوْنَ عَلٰى غَيْرِكَ، وَخَسِرَ الْمُتَعَرِّضُوْنَ اِلَّا لَكَ،

ख़ुदाया तेरे ग़ैर के दरवाज़े पर आनेवाले नाकाम हैं। और तेरे अलावा किसी से माँगनेवाले घाटे मे

وَضَاعَ الْمُلِمُّوْنَ اِلَّا بِكَ وَ اَجْدَبَ الْمُنْتَجِعُوْنَ اِلَّا مَنِ انْتَجَعَ

हैं। जो किसी और के दरवाज़े पर वारिद हो जाए वो बरबाद है। और जो किसी और के फ़ज़्ल की

فَضْلَكَ بَابُكَ مَفْتُوْحٌ لِلرَّاغِبِيْنَ وَ خَيْرُكَ مَبْذُوْلٌ لِلطَّالِبِيْنَ،

उम्मीद करे वो क़हत का शिकार हो जाएदा। तेरा दरवाज़ा राग़िबों के लिए खुला हुआ है। और तेरा

وَ فَضْلُكَ مُبَاحٌ لِلسَّائِلِيْنَ، وَ نَيْلُكَ مُتَاحٌ لِلْآمِلِيْنَ، وَ

ख़ैर तालिबों के लिए मुसलसल अता हो रहा है। तेरा फ़ज़्ल सवाल करनेवालों के लिए आम है।

رِزْقُكَ مَبْسُوْطٌ لِمَنْ عَصَاكَ وَحِلْمُكَ مُعْتَرِضٌ لِمَنْ نَاوَاكَ

और तेरी अता उम्मीदवारों के लिए हमेशा आमादा है। तेरा रिज़्क़ गुनाहगारों के लिए भी वसी है।

عَادَتُكَ الْاِحْسَانُ اِلَى الْمُسِيْئِيْنَ وَ سَبِيْلُكَ الْاِبْقَاءُ عَلَى

और तेरा हिल्म दूर हो जानेवालों के लिए भी आमादा है। तेरी आदत है के तू गुनाहगारों के साथ भी

الْمُعْتَدِيْنَ اَللّٰهُمَّ فَاهْدِنِيْ هُدَى الْمُهْتَدِيْنَ وَ ارْزُقْنِيْ اِجْتِهَادَ

अहसान करता है। और ज़ालिमों को भी मोहलत देता है। ख़ुदाया मुझे हिदायत याफ़्ता लोगों जैसी

الْمُجْتَهِدِيْنَ وَلَا تَجْعَلْنِيْ مِنَ الْغَافِلِيْنَ الْمُبْعَدِيْنَ، وَ اغْفِرْ لِيْ

हिदायत दे। और कोशिश करनेवालों जैसी कोशिश की हिम्मत अता फ़रमा। मुझे उन ग़ाफ़लों मे

يَوْمَ الدِّيْنِ.

न क़रार देना जो तेरी बारगाह से दूर हो गए हैं। और क़यामत के दिन मुझे माफ़ कर देना।

3. शेख ने मिसबाह में मोअल्ला बिन खुनैस के हवाले से इमामे सादिक़ (अ) से रिवायत की है के रजब के महीने में इसको पढ़ना चाहिए।

اَللّٰهُمَّ اِنِّیۡۤ اَسۡاَلُكَ صَبۡرَ الشَّاكِرِيۡنَ لَكَ، وَعَمَلَ الۡخَائِفِيۡنَ مِنۡكَ،

पर्वरदिगार मै तुझ से शाकिरीन जैसे सब्र ख़ाएफ़ीन जैसे अमल और आबिदीन जैसे यक़ीन का

وَ يَقِيۡنَ الۡعَابِدِيۡنَ لَكَ اَللّٰهُمَّ اَنۡتَ الۡعَلِيُّ الۡعَظِيۡمُ وَ اَنَا عَبۡدُكَ

तलबगार हूँ। ख़ुदाया तू अली व अज़ीम है। और मै तेरा बंदा ए मोहताज व फ़क़ीर हूँ। तू ग़नी

الۡبَائِسُ الۡفَقِيۡرُ اَنۡتَ الۡغَنِيُّ الۡحَمِيۡدُ وَ اَنَا الۡعَبۡدُ الذَّلِيۡلُ اَللّٰهُمَّ

व हमीद है और मै तेरा बंद ए ज़लील हूँ। ख़ुदाया मुहम्मदो आले मुहम्मद पर रहमत नाज़ल

صَلِّ عَلٰى مُحَمَّدٍ وَّ آلِهٖ وَ امۡنُنۡ بِغِنَاكَ عَلٰى فَقۡرِیۡ، وَ بِحِلۡمِكَ عَلٰى

फ़रमा। और अपनी ग़िना से मेरी फ़क़ीरी पर और अपने हिल्म से मेरी जेहालत पर अपनी

جَهۡلِیۡ وَ بِقُوَّتِكَ عَلٰى ضَعۡفِیۡ يَا قَوِیُّ يَا عَزِيۡزُ اَللّٰهُمَّ صَلِّ عَلٰى مُحَمَّدٍ

ताक़त से मेरी कमज़ोरी पर रहम फ़रमा। ऐ साहेबे क़ुव्वतो इज़्ज़त। ख़ुदाया हज़रत मुहम्मद और

وَّ آلِهِ الۡاَوۡصِيَاءِ الۡمَرۡضِيِّيۡنَ وَاكۡفِنِیۡ مَا اَهَمَّنِیۡ مِنۡ اَمۡرِ الدُّنۡيَا

उनकी आल पर रहमत नाज़ल फ़रमा। जो पसंदीदा वसी हैं। और मेरे लिए दुनिया व आाख़िरत

وَالۡاٰخِرَةِ يَا اَرۡحَمَ الرَّاحِمِيۡنَ.

के तमाम अहम उमूर मे काफ़ी हो जा ऐ बेहतरीन मेहेरबानी करने वाले।

लेखक के अनुसार सय्यद बिन ताऊस ने भी इस दुआ को इक़्बालुल आमाल में नक़्ल किया है। और उनकी रिवायत से यह ज़ाहिर होता है के यह जामे तरीन दुआ है जो रजब के अलावा भी पढ़ी जा सकती है।

4. शेख तूसी ने फ़रमाया है के रजब के महीने में हर रोज़ इस दुआ का पढ़ना मुस्तहब है:

اَللّٰهُمَّ يَا ذَا الْمِنَنِ السَّابِغَةِ وَالْآلَاءِ الْوَازِعَةِ وَالرَّحْمَةِ الْوَاسِعَةِ،

ख़ुदाया ऐ कामिल एहसानात वाले ऐ वाफ़र नेमतों वाले। ऐ वसी रहमतवाले। ऐ जामे क़ुदरत वाले। ऐ

وَالْقُدْرَةِ الْجَامِعَةِ وَ النِّعَمِ الْجَسِيْمَةِ وَ الْمَوَاهِبِ الْعَظِيْمَةِ وَ

अज़ीम नेमतों और बुज़ुर्ग अताया अज़ीम बख़शिशों और कसीर अतियों के मालिक। ऐ वो ख़ुदा जिसकी

الْآيَادِى الْجَمِيْلَةِ وَ الْعَطَايَا الْجَزِيْلَةِ يَا مَنْ لَا يُنْعَتُ بِتَمْثِيْلٍ وَلَا

किसी मिसाल से तौसीफ़ या किसी नज़ीर से तमसील नही हो सकती है। और किसी मददगार द्वारा उसपर

يُمَثَّلُ بِنَظِيْرٍ وَلَا يُغْلَبُ بِظَهِيْرٍ يَا مَنْ خَلَقَ فَرَزَقَ وَاَلْهَمَ فَاَنْطَقَ

कोई ग़लबा नही पा सकता है। ऐ वो जिसने पैदा करके रिज़्क दिया। इलहाम करके गोयाई दी। ईजाद करके

وَ ابْتَدَعَ فَشَرَعَ، وَعَلَا فَارْتَفَعَ، وَقَدَّرَ فَاَحْسَنَ، وَصَوَّرَ فَاَتْقَنَ، وَ

क़ानून दे दिया। और बुलंदियों मे रफ़ी है। तक़दीर मे अच्छा है। जो तस्वीर बनाई वो मोहकम बानई दलाएल

احْتَجَّ فَاَبْلَغَ، وَاَنْعَمَ فَاَسْبَغَ، وَاَعْطٰى فَاَجْزَلَ، وَمَنَحَ فَاَفْضَلَ يَا مَنْ

को मुकम्मल किया है। नेमतों को तमाम किया है। अतियों को कसीर बनाया है। मेहेरबानियों को ज़्यादा

سَمَا فِي الْعِزِّ فَفَاتَ نَوَاظِرَ الْاَبْصَارِ، وَدَنَا فِي اللُّطْفِ فَجَازَ هَوَاجِسَ

किया है। ऐ वो ख़ुदा जो अपनी इज़्ज़त मे इतना बुलंद है के निगाहें वहाँ तक पहुँच नही सकती हैं। और अपने

الْاَفْكَارِ يَا مَنْ تَوَحَّدَ بِالْمُلْكِ فَلَا نِدَّ لَهٗ فِيْ مَلَكُوْتِ سُلْطَانِهٖ وَتَفَرَّدَ

लुत्फ़ मे इतना क़रीब है के अफ़कार व ख़यालात की उड़ान से भी आगे निकल गया है। ऐ वो ख़ुदा जो अपनी

بِالْآلَاءِ وَ الْكِبْرِيَاءِ فَلَا ضِدَّ لَهٗ فِيْ جَبَرُوْتِ شَأْنِهٖ يَا مَنْ حَارَتْ فِيْ

सलतनत मे भी अकेला है। और उसके राज मे कोई उसका जैसा नही। अपने अहसानो बुज़ुर्गा मे तन्हा है।

كِبْرِيَاءِ هَيْبَتِهٖ دَقَائِقُ لَطَائِفِ الْاَوْهَامِ، وَانْحَسَرَتْ دُوْنَ اِدْرَاكِ

और उसकी जबरूतियत मे कोई उसका जैसा नही। ऐ वो ख़ुदा जिसकी हैबत की किब्राई मे दक़ीक़ ख़यालात

عَظَمَتِهٖ خَطَائِفُ اَبْصَارِ الْاَنَامِ. يَا مَنْ عَنَتِ الْوُجُوْهُ لِهَيْبَتِهٖ،

भी मुतहय्यर हो गए हैं। और उसकी अज़मत के समझने मे निगाहें भी थक कर रह गई हैं। ऐ वो ख़ुदा जिसकी

وَ خَضَعَتِ الرِّقَابُ لِعَظَمَتِهٖ، وَ وَجِلَتِ الْقُلُوْبُ مِنْ خِيْفَتِهٖ

हैबत के लिए तमाम चेहरे झुके हैं। और जिसकी अज़मत के लिए तमाम गर्दने झुक गई हैं। उसके भय से

اَسْاَلُكَ بِهٰذِهِ الْمِدْحَةِ الَّتِيْ لَا تَنْبَغِيْ اِلَّا لَكَ وَبِمَا وَاَيْتَ بِهٖ عَلٰى

तमाम दिल काँप रहे हैं। मै तुझसे उसी मिदहत के वसीले से जिसका तेरे अलावा कोई अहल नही है। और

نَفْسِكَ لِدَاعِيْكَ مِنَ الْمُؤْمِنِيْنَ وَبِمَا ضَمِنْتَ الْاِجَابَةَ فِيْهِ عَلٰى

उस वास्ते से के तूने अपने तलबगार मोमिनीन के हक़ मे तै कर लिया है। और अपने नफ़्स पर उनकी

نَفْسِكَ لِلدَّاعِيْنَ يَا اَسْمَعَ السَّامِعِيْنَ، وَ اَبْصَرَ النَّاظِرِيْنَ، وَ اَسْرَعَ

दुआओं की क़ुबूलियत को लाज़म क़रार दे दिया है। दुआ कर रहा हूँ ऐ बेहतरीन सुन्ने वाले। ऐ बेहतरीन

الْحَاسِبِيْنَ، يَا ذَا الْقُوَّةِ الْمَتِيْنَ صَلِّ عَلٰى مُحَمَّدٍ خَاتَمِ النَّبِيِّيْنَ

देखनेवाले। बहुत तेज़ हिसाब करनेवाले। ऐ साहेबे क़ुव्वते मुस्तहकम हज़रत मुहम्मद ख़ातिमुन नबीय्यीन पर

وَعَلٰى اَهْلِ بَيْتِهٖ وَ اقْسِمْ لِيْ فِيْ شَهْرِنَا هٰذَا خَيْرَ مَا قَسَمْتَ وَاحْتِمْ

रहमत नाज़िल कर। और इस महीने मे बेहतरीन नेमत का हिस्सा अता कर। और अपनी क़ज़ा व क़दर मे मेरे

لِيْ فِيْ قَضَائِكَ خَيْرَ مَا حَتَمْتَ، وَاخْتِمْ لِيْ بِالسَّعَادَةِ فِيْمَنْ خَتَمْتَ

लिए बेहतरीन फ़ैसला करदे। मेरा अंजाम नेक बख़्ती व साआदत पर क़रार दे। जब तक मुझे ज़िंदा रखना तो

وَاَحْيِنِيْ مَا اَحْيَيْتَنِيْ مَوْفُوْرًا وَ اَمِتْنِيْ مَسْرُوْرًا وَ مَغْفُوْرًا وَ تَوَلَّ

नेमतों की फरावानी के साथ। और जब ऊठाना तो मसरूर और बख़्शा हुआ। तू ख़ुद इस बात के ज़िम्मेदार

اَنْتَ نَجَاتِيْ مِنْ مُسَائَلَةِ الْبَرْزَخِ وَادْرَاْ عَنِّيْ مُنْكَرًا وَنَكِيْرًا، وَ اَرِ

होज़ा के मुझे बरज़ख़ के सवाल से नजात देदेगा। मुनकिरो नकीर के अज़ाब को हटा देगा और मुझे मुबश्शिरो

عَيْنِيْ مُبَشِّرًا وَّبَشِيْرًا، وَّ اجْعَلْ لِيْ اِلٰى رِضْوَانِكَ وَجِنَانِكَ مَصِيْرًا

बशीर की ज़ियारत नसीब करेगा। अपनी रिज़ा और अपनी जन्नत तक रास्ता बना देगा और वहाँ पुरसकून

وَعَيْشًا قَرِيْرًا، وَمُلْكًا كَبِيْرًا، وَصَلِّ عَلٰى مُحَمَّدٍ وَّاٰلِهٖ كَثِيْرًا.

ज़िंदगी और अज़ीम मुल्क अता फ़रमाएगा। ख़ुदाया मुहम्मदो आले मुहम्मद पर बेशुमार रहमत भेज।

ये दुआ मस्जिदे सासा मे भी पढ़ी जा सकती है।
5. शेख़ तूसी ने रिवायत की है के इमामे अस्र (अ) की तरफ़ से शेख़ कबीर अबु जाफ़र मोहम्मद बिन उसमान बिन सईद के ज़रिए यह तौक़ी बरामद हुई है जिसको रजब के महीने में हर रोज़ पढ़ना चाहिए।

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ. اَللّٰهُمَّ اِنِّیْ اَسْاَلُكَ بِمَعَانِیْ جَمِيْعِ مَا

ख़ुदा के नाम से जो रहमानो रहीम है। ख़ुदाया मै तुझसे उन दुआओं के मानी का तलबगार हूँ जो तेरे

يَدْعُوْكَ بِهٖ وُلَاةُ اَمْرِكَ الْمَاْمُوْنُوْنَ عَلٰى سِرِّكَ الْمُسْتَبْشِرُوْنَ

साहिबाने अम्र ने की हैं। जिनको तूने अपने राज़ का अमानतदार और अपने हुक्म के लिए बशीर

بِاَمْرِكَ، الْوَاصِفُوْنَ لِقُدْرَتِكَ، الْمُعْلِنُوْنَ لِعَظَمَتِكَ، اَسْاَلُكَ بِمَا

बनया। वो तेरी क़ुदरत की तौसा०rफ करनेवाले और तेरी अज़मत का एलान करने वाले हैं। मेरा

نَطَقَ فِيْهِمْ مِنْ مَّشِيْئَتِكَ فَجَعَلْتَهُمْ مَعَادِنَ لِكَلِمَاتِكَ وَ اَرْكَانًا

सवाल उन चीज़ों के बारे मे है जिनहे तेरी मशीयत ने तै किया है। जिसके ज़रिए उनको तूने अपने

لِتَوْحِيْدِكَ وَ آيَاتِكَ وَ مَقَامَاتِكَ الَّتِیْ لَا تَعْطِيْلَ لَهَا فِیْ كُلِّ مَكَانٍ

मादने कलेमात अपनी तौहीद आयात और उन मक़ामात का रूकुन क़रार दिया है। जिनके लिए कोई

يَعْرِفُكَ بِهَا مَنْ عَرَفَكَ، لَا فَرْقَ بَيْنَكَ وَ بَيْنَهَا اِلَّا اَنَّهُمْ عِبَادُكَ

तातील किसी जगह पर नही है। और पहचान्ने वाला तुझे उन्ही आयात से पहचानता है। और उनके

وَ خَلْقُكَ، فَتْقُهَا وَ رَتْقُهَا بِيَدِكَ، بَدْؤُهَا مِنْكَ وَ عَوْدُهَا اِلَيْكَ،

दरमियान और तेरे दरमियान फ़र्क सिर्फ़ ये है के ये तेरे बंदे और तेरी मख़लूक़ हैं। उनका बस्त व

اَعْضَادٌ وَ اَشْهَادٌ وَ مُنَاةٌ وَاَذْوَادٌ وَحَفَظَةٌ وَ رُوَّادٌ، فَبِهِمْ مَلَأْتَ

कुशाद तेरे हाथों मे है। उनका प्रारंभ व अंत तेरी बारगाह मे है। ये तेरे दीन के पासबान व गवाह हैं।

سَمَائَكَ وَ اَرْضَكَ حَتّٰى ظَهَرَ اَنْ لَا اِلٰهَ اِلَّا اَنْتَ، فَبِذٰلِكَ اَسْاَلُكَ وَ

और रफ़ा करने वाले मुहाफ़िज़ व मुबल्लिग़ हैं। उनही द्वारा आसमानो ज़मीन को भर दिया है। यहाँ तक

بِمَوَاقِعِ الْعِزِّ مِنْ رَّحْمَتِكَ وَ بِمَقَامَاتِكَ وَ عَلَامَاتِكَ، اَنْ تُصَلِّيَ عَلٰى

के ला इलाहा इल्लल्लाह का कलेमा नुमाया हो गया। उन्ही के ज़रिए तो तेरी रहमत और तेरे मक़ामात

مُحَمَّدٍ وَّ آلِهٖ وَ اَنْ تَزِيْدَنِيْ اِيْمَانًا وَ تَثْبِيْتًا يَا بَاطِنًا فِيْ ظُهُوْرِهٖ وَ ظَاهِرًا

व अलामात की इज़्ज़त के मवाक़े के ज़रिए मेरा सवाल है के मुहम्मद व आले मुहम्मद पर रहमत

فِيْ بُطُوْنِهٖ وَ مَكْنُوْنِهٖ يَا مُفَرِّقًا بَيْنَ النُّوْرِ وَ الدَّيْجُوْرِ، يَا مَوْصُوْفًا

नाज़ल फ़रमा मेरे ईमान और सबात मे इज़ाफ़ा फ़र्मा ऐ अपने जहूर मे पोशीदा और अपनी पोशीदगी

بِغَيْرِ كُنْهٍ، وَ مَعْرُوْفًا بِغَيْرِ شِبْهٍ، حَادَّ كُلِّ مَحْدُوْدٍ، وَ شَاهِدَ كُلِّ

मे जाहिर। ऐ प्रकाश व अंधेरे मे जुदाई डालनेवाले। ऐ हक़ीक़ते ज़ात के बग़ैर क़ाबिले तौसीफ़ और

مَشْهُوْدٍ وَ مُوْجِدَ كُلِّ مَوْجُوْدٍ وَمُحْصِيَ كُلِّ مَعْدُوْدٍ وَ فَاقِدَ كُلِّ

किसी शबाहत के बग़ैर मारूफ़। हर हद के मुताअय्यन करनेवाले। हर मश्हूर के शाहिद हर मौजूद

مَفْقُوْدٍ لَيْسَ دُوْنَكَ مِنْ مَعْبُوْدٍ، اَهْلَ الْكِبْرِيَاءِ وَالْجُوْدِ، يَا مَنْ لَا

के मौजिद। हर क़ाबिले शुमार के शुमार करने वाले। हर खोई हुई चीज़ के तलाश करनेवाले। तेरे

يُكَيَّفُ بِكَيْفٍ، وَلَا يُؤَيَّنُ بِاَيْنٍ، يَا مُحْتَجِبًا عَنْ كُلِّ عَيْنٍ، يَا دَيْمُوْمُ

अलावा कोई ख़ुदा नही है। के तू साहिबे किब्रियाई व जूद है। ऐ वो जिसकी कोई कैफ़ियत और कोई

يَا قَيُّوْمُ وَعَالِمَ كُلِّ مَعْلُوْمٍ، صَلِّ عَلٰى مُحَمَّدٍ وَّ آلِهٖ وَ عَلٰى عِبَادِكَ

जगह नही है। और निगाह से पोशीदा हमेशाँ रहने वाला। सबको क़ायम रखने वाला। हर मालूम

الْمُنْتَجَبِيْنَ وَ بَشَرِكَ الْمُحْتَجِبِيْنَ، وَ مَلَائِكَتِكَ الْمُقَرَّبِيْنَ وَ

का जानने वाला। मुहम्मद व आले मुहम्मद और अपने चुने हुए बंदों पर और परदेदार इन्सानों और

الْبُهَمِ الصَّافِّيْنَ الْحَافِّيْنَ وَ بَارِكْ لَنَا فِيْ شَهْرِنَا هٰذَا الْمُرَجَّبِ

लातादाद मख़लूकात पर मलाएका मुकर्रबीन पर ख़ामूशी से सफ़ बस्ता अपनी बारगाह मे हाज़र

الْمُكَرَّمِ وَمَا بَعْدَهٗ مِنَ الْاَشْهُرِ الْحُرُمِ وَاَسْبِغْ عَلَيْنَا فِيْهِ النِّعَمَ

रहनेवालों पर रहमत नाज़ल कर। हमे इस मोहतरम रजब के बाबरकत महीने की और उसके बाद

وَاَجْزِلْ لَنَا فِيْهِ الْقِسَمَ وَاَبْرِزْ لَنَا فِيْهِ الْقَسَمَ بِاسْمِكَ الْاَعْظَمِ

मोहतरम महीनो की बरकत इनायत कर। हम पर अपनी नेमतों को तमाम करदे और बेहतरीन इस्मत

الْاَعْظَمِ الْاَجَلِّ الْاَكْرَمِ، الَّذِيْ وَضَعْتَهٗ عَلَى النَّهَارِ فَاَضَاءَ وَعَلَى

इनायत कर। हमारी क़स्मों को मुकम्मल कर दे। तुझे अपने इस्मे आज़म आज़म अजले अक्रम का

اللَّيْلِ فَأَظْلَمَ وَاغْفِرْ لَنَا مَا تَعْلَمُ مِنَّا وَمَا لَا نَعْلَمُ، وَاعْصِمْنَا

वास्ता जिसको दीन पर रख दिया तो रौशन हो गया और रात मे रख दिया तो तारीक हो गई। हमारे

مِنَ الذُّنُوْبِ خَيْرَ الْعِصَمِ، وَاكْفِنَا كَوَافِيَ قَدَرِكَ، وَامْنُنْ عَلَيْنَا

तमाम गुनाहों को माफ़ कर जिनको तू जानता है और हम नही जानते। हमे गुनाहों से बेहतरीन तरीके

بِحُسْنِ نَظَرِكَ، وَلَا تَكِلْنَا إِلَى غَيْرِكَ، وَلَا تَمْنَعْنَا مِنْ خَيْرِكَ، وَ

से महफ़ूज रखना और अपनी क़ज़ा व क़दर के मामलात मे हमारे लिए काफ़ी हो जा। मेरी मदद कर

بَارِكْ لَنَا فِيمَا كَتَبْتَهُ لَنَا مِنْ أَعْمَارِنَا، وَأَصْلِحْ لَنَا خَبِيئَةَ أَسْرَارِنَا

और हमे किसी ग़ैर के हवाले न करना और अपने ग़ैर से हमरू न कर देना जो हमारी ज़िन्दगी मे लिख

وَ أَعْطِنَا مِنْكَ الْأَمَانَ، وَ اسْتَعْمِلْنَا بِحُسْنِ الْإِيمَانِ، وَ بَلِّغْنَا

दिया है। उसमे बरकत अता फ़र्मा। और हमारे बातिन के असरार को दुरूस्त कर और हमे अम्नो

شَهْرَ الصِّيَامِ، وَ مَا بَعْدَهُ مِنَ الْأَيَّامِ وَ الْأَعْوَامِ، يَا ذَا الْجَلَالِ

अमान दे। और बेहतरीन ईमान की राह पर लगा दे। और माहे सियाम और उसके बाद के अय्याम

وَالْإِكْرَامِ.

और बरसों तक पहुँचा दे ऐ साहेबे जलालो इक्राम।

6. शेख़ तूसी ने रिवायत की है के इमामे अस्र (अ) के नाहिये मुक़द्देसा से शेख़ अबुल क़ासिम के ज़रिए यह दुआए मुबारक वारिद हुई है:

اَللّٰهُمَّ اِنِّیۡ اَسۡاَلُكَ بِالۡمَوۡلُوۡدَيۡنِ فِیۡ رَجَبٍ مُحَمَّدِ بۡنِ عَلِیٍّ

ख़ुदाया मै तुझसे सवाल करता हूँ उन दो अफ़राद के वास्ते से जो माहे रजब मे पैदा हुए हैं। याने हज़रत

الثَّانِیۡ وَابۡنِهٖ عَلِیِّ بۡنِ مُحَمَّدٍ الۡمُنۡتَجَبِ، وَ اَتَقَرَّبُ بِهِمَا

मुहम्मद बिन अली सानी इमाम जवाद और हज़रत अली बिन मुहम्मद इमाम नक़ी और उनही के

اِلَيۡكَ خَيۡرَ الۡقُرَبِ، يَا مَنۡ اِلَيۡهِ الۡمَعۡرُوۡفُ طُلِبَ، وَ فِيۡمَا

ज़रिए तेरी बारगाह मे बेहतरीन नज़दीकी चाहता हूँ। ऐ वो ख़ुदा जिससे नेकियों को तलब किया जाता

لَدَيۡهِ رُغِبَ، اَسۡاَلُكَ سُؤَالَ مُقۡتَرِفٍ مُذۡنِبٍ قَدۡ اَوۡبَقَتۡهُ

है। और जिसके सवाब की रग़बत पैदा की जाती है। और जिस्से उस बंदे की तरह सवाल कर रहा हूँ

ذُنُوۡبُهٗ، وَ اَوۡثَقَتۡهُ عُيُوۡبُهٗ، فَطَالَ عَلَى الۡخَطَايَا دُؤُوۡبُهٗ، وَمِنَ

जो गुनहगार है और जिसको गुनाहों ने हलाक कर दिया है। और कमज़ोरियों ने गिरफ़्तार कर लिया

الرَّزَايَا خُطُوۡبُهٗ، يَسۡاَلُكَ التَّوۡبَةَ وَحُسۡنَ الۡاَوۡبَةِ وَ النُّزُوۡعَ

है। अब मुसलसल ख़ताएं किए जा रहा है। और उसके मसाएब बढ़ते जा रहे हैं। तेरा बंदा तुझसे माफ़ी

عَنِ الۡحَوۡبَةِ وَمِنَ النَّارِ فَكَاكَ رَقَبَتِهٖ وَالۡعَفۡوَ عَمَّا فِیۡ رِبۡقَتِهٖ،

माँग रहा है। और हुस्ने कुबूल का उम्मीदवार है। और चाहता है के गुनाहों से निकल आए और उसकी

فَاَنۡتَ مَوۡلَایَ اَعۡظَمُ اَمَلِهٖ وَثِقَتِهٖ. اَللّٰهُمَّ وَ اَسۡاَلُكَ

गर्दन जहन्नम से आज़ाद हो जाए। और जो भी गुनाह उसके ज़िम्मे हैं वो माफ़ हो जाएँ। इस लिए के तू

بِمَسَائِلِكَ الشَّرِيْفَةِ وَ وَسَائِلِكَ الْمُنِيْفَةِ اَنْ تَتَغَمَّدَنِيْ فِيْ

मेरे मालिक अज़ीम तरीन उम्मीद और क़ाबिले एतेबार है। ख़ुदाया मै तुझसे शरीफ़ तरीन वसाएल और

هٰذَا الشَّهْرِ بِرَحْمَةٍ مِّنْكَ وَاسِعَةٍ وَ نِعْمَةٍ وَازِعَةٍ، وَ نَفْسٍ

बुलंद तरीन असबाब के ज़रिए सवाल कर रहा हूँ के मुझे इस महीने मे अपनी रहमत से ढाँक ले और बे

بِمَا رَزَقْتَهَا قَانِعَةٍ، اِلٰى نُزُوْلِ الْحَافِرَةِ، وَمَحَلِّ الْآخِرَةِ، وَمَا

पायाँ नेमत अता कर। वो नफ़्स दे जो तेरे रिज़्क़ से राज़ी रहे। जबतक ये क़ब्र के गढ़े और आख़िरत की

هِيَ اِلَيْهِ صَائِرَةٌ.

मा़ज़िल तक न पहुँच जाए। जहाँ तक बहर हाल सबको जाना है।

7. शेख़ तूसी ने जनाब अबुल क़ासिम हुसैन बिन रौह - इमाम ज़माना (अ) के नाएबे ख़ास - से यह रिवायात की है के रजब के महीने में मशाहिदे मुशरफ़ा में जहाँ भी रहो यह ज़ियारत पढ़ो:

اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ الَّذِيْ اَشْهَدَنَا مَشْهَدَ اَوْ لِيَائِهٖ فِيْ رَجَبٍ، وَ

सारी तारीफ़ उस अल्लाह के लिए जिसने रजबके महीने मे हमे अपने औलिया के मशहद पर हाज़री की

اَوْجَبَ عَلَيْنَا مِنْ حَقِّهِمْ مَا قَدْ وَجَبَ وَصَلَّى اللّٰهُ عَلٰى مُحَمَّدٍ

तौफ़ीक दी और उनके हूकूक को हमपर वाजिब क़रार दिया। अल्लाह की रहमत हो हज़रत मुहम्मद पर

الْمُنْتَجَبِ، وَ عَلٰى اَوْصِيَائِهِ الْحُجُبِ. اَللّٰهُمَّ فَكَمَا اَشْهَدْتَنَا

जो मुंताख़िब हैं और उनके औलिया पर जो बारगाहे अहदियत के परदेदार हैं। ख़ुदाया जिस तरह तूने

مَشْهَدَهُمْ فَاَ نْجِزْ لَنَا مَوْعِدَهُمْ، وَ اَوْرِدْنَا مَوْرِدَهُمْ،

हमे उनके मशाहिद तक पहुँचा दिया है। अब उनके वादे को भी पूरा फ़रमा दे और हमे उनकी मंज़ल

غَيْرَ مُحَلَّئِيْنَ عَنْ وِرْدٍ فِي دَارِ الْمُقَامَةِ وَ الْخُلْدِ وَ السَّلَامُ

मे वारिद करदे। और हमेशाँ रहनेवाले घर मे वारिद होने से कोई रूकावट न हो। सलाम हो तुम पर

عَلَيْكُمْ، اِنِّيْ قَدْ قَصَدْتُكُمْ وَ اعْتَمَدْتُكُمْ بِمَسْاَلَتِيْ وَ

ऐ औलिया ए ख़ुदा मै तुम्हारी इस बारगाह मे हाज़िर हुआ हूँ। और अपने किये सवालात और अपनी

حَاجَتِيْ وَ هِيَ فَكَاكُ رَقَبَتِيْ مِنَ النَّارِ، وَ الْمَقَرُّ مَعَكُمْ فِيْ

हाजत मे आप पर एतेमाद किया है। और वो हाजत ये है के मेरी गर्दन आतिशे जहन्नम से आज़ाद हो

دَارِ الْقَرَارِ، مَعَ شِيْعَتِكُمُ الْاَبْرَارِ، وَ السَّلَامُ عَلَيْكُمْ

जाए और मुझे आपके साथ जन्नत मे जगह मिल जाए आप के नेक शियों की रिफ़ाक़त मे। सलाम हो

بِمَا صَبَرْتُمْ فَنِعْمَ عُقْبَى الدَّارِ، اَنَا سَائِلُكُمْ وَ آمِلُكُمْ

आप पर के आप ने सब्र किया जिसक अंजाम बेहतरीन है। मै आपका साएल आपका उम्मीदवार हूँ

فِيْمَا اِلَيْكُمُ التَّفْوِيْضُ، وَ عَلَيْكُمُ التَّعْوِيْضُ، فَبِكُمْ

उन मामलात मे जो आपके हवाले कर दिए गए। और जिनके मारि०ज़े की ज़िम्मेदारी भी आप ही पर

يُجْبَرُ الْمَهِيْضُ، وَ يُشْفَى الْمَرِيْضُ، وَ مَا تَزْدَادُ الْاَرْحَامُ وَ

है। आप ही से शिकसतिगी का इलाज़ होता है। मरीज़ों को शिफ़ा दी जाती है और अरहाम मे कमी व

مَا تَغِيْضُ، اِنِّيْ بِسِرِّكُمْ مُؤْمِنٌ، وَلِقَوْلِكُمْ مُسَلِّمٌ، وَعَلَى

ज़्यादती होती है। मै आप के असरार पर ईमान लाने वाला आपके क़ौल का तसलीम करनेवाला और

اللهِ بِكُمْ مُقْسِمٌ فِيْ رَجْعِيْ بِحَوَائِجِيْ وَقَضَائِهَا وَاِمْضَائِهَا

अल्लाह को आपके हक़ की क़सम देने वाला हूँ के वो मेरी हाजतों को पूरा करदे और उनके बारे मे

وَ اِنْجَاحِهَا وَ اِبْرَاحِهَا وَ بِشُؤُوْنِيْ لَدَيْكُمْ وَصَلَاحِهَا وَ

फ़ैसला करके मुझे कामयाबी दे और मुश्किलात को जाएल करदे। मेरे उमूर की इसलाह करदे। सलाम

السَّلَامُ عَلَيْكُمْ سَلَامَ مُوَدِّعٍ وَ لَكُمْ حَوَائِجَهٗ مُوْدِعٌ

हो आप पर उस चाहने वाले का जो आप को रूख़सत कर रहा है और आप से रूख़सत हो रहा है। और

يَسْاَلُ اللهَ اِلَيْكُمُ الْمَرْجِعَ وَسَعْيُهٗ اِلَيْكُمْ غَيْرَ مُنْقَطِعٍ

अपनी हाजतों को आपके पास छोड़ कर जा रहा है। अल्लाह से सवाल है के आपकी बारगाह मे फिर

وَ اَنْ يَرْجِعَنِيْ مِنْ حَضْرَتِكُمْ خَيْرَ مَرْجِعٍ اِلٰى جَنَابٍ مُمْرِعٍ

पलट कर आऊँ और उसकी कोशिश ख़त्म न होने पाए। और जब भी आप की बारगाह से पलटूँ तो

وَخَفْضٍ مُوَسَّعٍ وَدَعَةٍ وَمَهَلٍ اِلٰى حِيْنِ الْاَجَلِ وَخَيْرِ

बेहतरीन वापसी हो। बा बरकत आसताने तक वसी ऐशोसुकून तक। और बेहतरीन राहत तक। यहाँ

مَصِيْرٍ وَمَحَلٍّ فِي النَّعِيْمِ الْاَزَلِ، وَ الْعَيْشِ الْمُقْتَبَلِ، وَ

तक के मौत का समय आ जाए। और उसके बाद बेहतरीन वापसी और बेहतरीन मंजिल मिले जहाँ

دَوَامِ الْاُكُلِ، وَ شُرْبِ الرَّحِيْقِ وَالسَّلْسَلِ وَعَلٍّ وَنَهَلٍ لَا

दाएमी नेमत हो। पसंदीदा ज़िन्दगी हो। खाने पीने का मुसलसल सामान हो और बराबर उस चश्मए

سَاَمَ مِنْهُ وَلَا مَلَلَ وَرَحْمَةُ اللهِ وَبَرَكَاتُهٗ وَ تَحِيَّاتُهٗ عَلَيْكُمْ

रहमत पर नुज़ूल होता रहे। जहाँ न किसी तरह की ख़सतिगी हो और न किसी तरह का रंज। अल्लाह की

حَتَّى الْعَوْدِ اِلٰى حَضْرَتِكُمْ، وَالْفَوْزِ فِيْ كَرَّتِكُمْ، وَالْحَشْرِ

रहमतो बरकातो तहयात आप अहलेबैत पर है। यहाँ तक के मै आपकी बारगाह मे पलट जाऊँ और

فِيْ زُمْرَتِكُمْ، وَ رَحْمَةُ اللهِ وَ بَرَكَاتُهٗ عَلَيْكُمْ وَصَلَوَاتُهٗ وَ

फिर उस वापसी की कामयाबी हासिल करूँ और आपके ज़ुम्रे मे महशूर हूँ। अल्लाह की रहमतो बरकातो

تَحِيَّاتُهٗ، وَ هُوَ حَسْبُنَا وَ نِعْمَ الْوَكِيْلُ.

सलवातो तहयात आप हज़रात पर। वही ख़ुदा हमारे लिए काफ़ी है वही हमारा बेहतरीन वकील है।

8. सय्यद बिन ताऊस ने मोहम्मद बिन ज़क्वान से रिवायत की है, जिन्हे सज्जाद कहा जाता है। उन्होंने सजदे में इतना गिरया किया के आंखों की रौश्नी चली गई। वह कहते हैं के मैंने इमामे जाफ़र सादिक़ (अ) से गुज़ारिश की यह रजब का महीना है आप मुझे कोई दुआ सिखाईये जो मेरे लिए फ़ायदेमंद हो मैं आप पर क़ुरबान। तो आप (अ) ने कहा के अच्छा लिखो:

بِسْمِ اللهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ.

अल्लाह के नाम से शुरू करता हूँ जो बहुत मेहेरबान और निहायत रहमवाला है

يَا مَنْ اَرْجُوْهُ لِكُلِّ خَيْرٍ، وَآمَنُ سَخَطَهٗ عِنْدَ كُلِّ شَرٍّ، يَا مَنْ

और हर रोज़ रजब के महीने में सुब्हो शाम और हर नमाज़ के बाद दिन और रात में यह दुआ पढ़ते रहना।

يُّعْطِي الْكَثِيْرَ بِالْقَلِيْلِ، يَا مَنْ يُّعْطِيْ مَنْ سَاَلَهٗ، يَا مَنْ يُّعْطِيْ

ख़ुदा के नाम से शुरू करता हूँ जो बहुत ही मेहेरबान निहायत रहमवाला है। ऐ जिस्से हर ख़ैर की उम्मीद

مَنْ لَّمْ يَسْاَلْهُ وَ مَنْ لَّمْ يَعْرِفْهُ تَحَنُّنًا مِنْهُ وَرَحْمَةً اَعْطِنِيْ

रखता हूँ। ऐ वो ख़ुदा और हर शर के मौक़े पर उसकी नाराज़गी से अमान चाहता हूँ। ऐ वो ख़ुदा जो कम

بِمَسْاَلَتِيْ اِيَّاكَ جَمِيْعَ خَيْرِ الدُّنْيَا وَ جَمِيْعَ خَيْرِ الْاٰخِرَةِ

अमल पर ज़्यादा सवाब देता है। ऐ वो ख़ुदा जो अपने तमाम साएलों को देता है। ऐ वो ख़ुदा जो उसे भी

وَاصْرِفْ عَنِّيْ بِمَسْاَلَتِيْ اِيَّاكَ جَمِيْعَ شَرِّ الدُّنْيَا وَشَرِّ الْاٰخِرَةِ،

देता है जो उससे सवाल करे और उसे भी देता है जो सवाल नही करता। बलके उसे पहचानता भी नही है।

فَاِنَّهٗ غَيْرُ مَنْقُوْصٍ مَّا اَعْطَيْتَ، وَ زِدْنِيْ مِنْ فَضْلِكَ يَا

अपनी रहमत और मेहेरबानी की बिना पर तू मेरे सवाल की बिना पर मुझे दुनिया व आख़िरत की तमाम

كَرِيْمُ.

नेकियाँ देदे और दुनिया व आाख़िरत की तमाम बुराईयों को मझसे मोड़ दे के तू जिसको अता करेगा उसमे

रावी कहता है के इस दुआ के बाद हज़रत ने अपने बाएं हाथ से महासीने शरीफ (दाढ़ी) को पकड़ा और निहायत ख़ुशू ओ ख़ुज़ू के साथ दाहिने हाथ के कलमे की ऊंगली को हरकत देते हुए यह कलेमात ज़बान पर जारी किए:

يَاذَاالْجَلَالِ وَالْاِكْرَامِ يَاذَاالنَّعْمَاءِ وَالْجُوْدِ يَاذَاالْمَنِّ وَالطَّوْلِ

कमी नही होगी और फिर अपने फ़ज़्लसे और इज़ाफ़ा करदे। ऐ ख़ुदए करीम। ऐ साहेबे जलाल व इक्राम

حَرِّمْ شَيْبَتِيْ عَلَى النَّارِ.

ऐ साहेबे नेमत व करम। ऐ साहेबे एसान व अता। मेरे इन महासिन को जहन्नम की आग पर हराम करदे।

9. रसूले अक्रम (स) से रिवायत है के जो व्यक्ति रजब के महीने में सौ बार कहे:
और इसके बाद सदक़ा दे तो परवरदिगार उसकी नजात राहतो मग़फ़ेरत पर करेगा और अगर चार सौ बार इस ज़िक्र को दोहराएगा तो परवरदिगार उसके लिए सौ शहीदों का सवाब लिख देगा।

اَسْتَغْفِرُ اللهَ الَّذِيْ لَااِلٰهَ اِلَّاهُوَ وَحْدَهٗ لَا شَرِيْكَ لَهٗ وَاَتُوْبُ

मै अल्लाह से माफ़ी की भीक मागंता हूँ, उसके अलावा कोई माबूद नही। एक अकेला उसका कोई

اِلَيْهِ

शरीक नही और मै उससे तौबा करता हूँ।

10. इनही इमाम (अ) से रिवायत है के जो व्यक्ति पूरे रजब के महीने में हज़ार बार ये कहेगा परवरदिगार उसके लिए एक लाख हसनात लिख देगा और जन्नत में उसके लिए सौ शहर आबाद कर देगा:

لَااِلٰهَ اِلَّااللهُ

अल्लाह के सिवा कोई माबूद नही

11. रिवायत में है के जो व्यक्ति रजब के महीने में सुबह के समय सत्तर बार और ज़ोहर के समय भी सत्तर बार कहेगा:

اَسْتَغْفِرُ اللهَ وَ اَتُوْبُ اِلَيْهَ

मै अल्लाह से माफ़ी मांगता हूँ और उसकी तरफ़ पलटता हूँ।

और उसके हाथों को उठाकर कहेगा: तो अगर वह रजब के महीने में मर जाएगा तो ख़ुदा उससे राज़ी रहेगा और आतिशे जहन्नम उसे छू भी नहीं सकती।

اَللّٰهُمَّ اغْفِرْ لِيْ وَ تُبْ عَلَيَّ

ऐ अल्लाह मुझे माफ़ कर और मेरी तौबा क़ुबूल कर।

12. पूरे रजब के महीने में हज़ार बार कहे: ताके परवरदिगार उसे माफ़ कर दे।

اَسْتَغْفِرُ اللهَ ذَا الْجَلَالِ وَ الْاِكْرَامِ مِنْ جَمِيْعِ الذُّنُوْبِ وَ الْاٰثَامِ

मै अल्लाह से माफ़ी मांगता हूँ जो ज़ुल जलाल वल इक्राम है, के मेरे सब गुनाह माफ़ करदे।

13. सय्यद ने इक़्बाल में सूरह तौहीद के दस हज़ार या एक हज़ार बार या पूरे रजब के महीने में सौ बार पढ़ने की बेशुमार फ़ज़ीलत नक़्ल की है और रिवायत की है के जो शख़्स रजब वे महीने के जुमा के दिन सौ बार सूरह तौहीद पढ़ लेगा उसके लिए क़यामत के दिन ऐसा नूर होगा जो उसे जन्नत तक खींच कर ले जाएगा।

14. सय्यद ने रिवायत की है के जो शख़्स रजब के महीने में एक दिन रोज़ा रखेगा और चार रकत नमाज़ पढ़ेगा जिसकी पहली रकत में सौ बार आयतल

कुर्सा और दूसरी रकत में दो सौ बार सूरह तौहीद पढ़ेगा तो दुनिया से जाने से पहले जन्नत में अपनी जगह को ख़ुद देख लेगा या उसे जन्नत में दिखाया जाएगा।

15. सय्यद बिन ताऊस ने रसूले अक्रम (स) से रिवायत की है के जो व्यक्ति रजब के महीने में जुमा के दिन चार रकत नमाज़ ज़ोहर और अस्र के बीच में पढ़ेगा और हर रकत में सूरह हम्द के बाद सात बार आयतल कुर्सा और पाँच बार सूरह तौहीद पढ़ेगा और अंत में दस बार कहेगा:

اَسْتَغْفِرُ اللهَ الَّذِیْ لَا اِلٰهَ اِلَّا هُوَ وَاَسْئَلُهُ التَّوْبَةَ

मै अल्लाह से माफ़ी की भीक मागंता हूँ और मेरी तौबा क़ुबूल करने की दुआ मागंता हूँ।

परवरदिगारे आलम उसके लिए जिस दिन नमाज़ पढ़ी है उस दिन से मरने के दिन तक हज़ार हसनात लिखता रहेगा। और जो भी आयत पढ़ी है उसके बदले जन्नत में एक सुर्ख़ याक़ूत का शहर और हर हर्फ के बदले एक सफ़ेद मोती का महल बनाएगा और उसकी शादी हूरूल ईन से कर देगा। और उससे राज़ी रहेगा। और उसका नाम इबादत गुज़ारों में लिख देगा। और उसका अंजाम नेकबख़्ती और मग़फ़ेरत पर होगा।

16. रजब के तीन दिन जुमेरात, जुमा और सनीचर को रोज़ा रखे के रिवायत में है के जो व्यक्ति इन मोहतरम महीनों में तीन दिन रोज़ा रखेगा परवरदिगार उसको नौ साल की इबादतों का सवाब इनायत फ़रमाएगा।

17. रजब के महीने में साठ रकत नमाज़ पढ़े इस तरह के हर रात में दो रकत नमाज़ अदा करे और हर रकत में सूरह हम्द के बाद तीन बार सूरह काफ़ेरून और एक बार सूरह तौहीद पढ़े और नमाज़ के बाद हाथों को बुलंद कर के कहे:

لَا اِلٰهَ اِلَّا اللهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيْكَ لَهٗ، لَهُ الْمُلْكُ وَلَهُ الْحَمْدُ، يُحْيِيْ

उसके अलावा कोई ख़ुदा नही व उसका कोई शरीक नही। उसीके लिए मुल्क है और उसी के लिए

وَيُمِيْتُ وَهُوَ حَيٌّ لَا يَمُوْتُ بِيَدِهِ الْخَيْرُ وَهُوَ عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيْرٌ وَ

तारीफ़। वही ज़िनदगी देनेवाला है और वही मौत। वो ज़िंदा है जिसके लिए मौत नही। सारा ख़ैर उसीके

اِلَيْهِ الْمَصِيْرُ، وَلَا حَوْلَ وَلَا قُوَّةَ اِلَّا بِاللّٰهِ الْعَلِيِّ الْعَظِيْمِ، اَللّٰهُمَّ

हाथ मे है।और वो हर शै पर क़ादिर है। उसीकी तरफ़ सबको लौटना है। कोई कोव्वतो ताक़त ख़ुदाए

صَلِّ عَلٰى مُحَمَّدٍ النَّبِيِّ الْاُمِّيِّ وَآلِهٖ،

अली व अज़ीम के अलावा नही। ख़ुदा हज़रत मुहम्मद नबी उम्मी व उनकी आल पर रहमत नाज़ल कर।

यह कहकर हाथों को अपने चेहरे पर फेरे के रसूले अक्रम (स) से नक़्ल किया गया है के जो व्यक्ति भी यह आमाल अंजाम देगा उसकी दुआ मुस्तजाब होगी। और साठ हज और साठ उमरों का सवाब दिया जाएगा।

18. रसूले अक्रम (स) से रिवायत है के जो व्यक्ति रजब के महीन की एक रात में सौ बार सूरह तौहीद दो रकत नमाज़ मे पढ़ेगा गोया उसने सौ साल रोज़े रखे हैं। और ख़ुदा उसे बेहिश्त मे महल इनायत करेगा और हर महल किसी न किसी पैग़ंबर के पड़ोस मे होगा।

19. इनही हज़रत से रिवायत है के जो व्यक्ति रजब के महीने मे दस रकत नमाज़ पढ़ेगा और हर रकत में सूरह हम्द के बाद एक बार सूरह काफ़ेरून और तीन बार सूरह तौहीद पढ़ेगा परवरदिगार उसके हर गुनाह को माफ़ कर देगा।

20. अल्लामा मजलिसी ने ज़ादुल माद में लिखा है के अमीरूल मोमिनीन (अ) से नक़्ल किया गया है के रसूले अक्रम (स) ने फ़रमाया के जो व्यक्ति भी रजब, शाबान और रमज़ान के महीनों में हर रात में तीन तीन बार सूरह हम्द, आयतल कुर्सा और चारों क़ुल पढ़ेगा और तीन बार कहेगा:

سُبْحَانَ اللّٰهِ، وَ الْحَمْدُ لِلّٰهِ وَ لَا اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ، وَ اللّٰهُ اَكْبَرُ، وَ لَا حَوْلَ وَ

अल्लाह की ज़ात पाक व पाकीज़ा है। सारी तारीफ़ अल्लाह के लिए है। अल्लाह के सिवा कोई माबूद

और तीन बार कहेगा: لَاقُوَّةَ اِلَّا بِاللّٰهِ الْعَلِيِّ الْعَظِيْمِ.

नही है। और अल्लाह सब से बड़ा है। कोई ताक़त और तावानाई नही सिवाए अल्लाह के।

और तीन बार कहेगा: اَللّٰهُمَّ صَلِّ عَلٰى مُحَمَّدٍ وَّ آلِ مُحَمَّدٍ.

ऐ अल्लाह मोहम्मद व आले मोहम्मद पर रहमत भेज।

और चार सौ बार कहेगा: اَللّٰهُمَّ اغْفِرْ لِلْمُؤْمِنِيْنَ وَ الْمُؤْمِنَاتِ

ऐ अल्लाह मोमिनीनो मोमिनात की मग़िफ़रत करदे।

اَسْتَغْفِرُ اللّٰهَ وَ اَتُوْبُ اِلَيْه

मै अल्लाह से मग़ाफ़िरत मागंता हूँ और उससे माफ़ी चाहता हूँ।

तो परवरदिगार उसके तमाम गुनाहों को माफ़ कर देगा। चाहे वह बारिश के क़तरे, दरख्त के पत्ते और दरिया के झाग के बराबर हां।
नीज़ अल्लामा मजलिसी ने फ़रमाया के रजब के महीने की रात में एक हज़ार बार कहे:

لَا اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ

ख़ुदाके सिवा कोई माबूद नही।

रजब की पहली शबे जुमा

वाज़ेह रहे के रजब के महीने की पहली शबे जुमा को लैलतुल रगाएब कहा जाता है और उसके लिए रसूले अक्रम (स) से बेशुमार फ़ज़ीलत के साथ एक अमल वारिद हुआ है। जिसको इबने ताऊस ने इक़्बाल में और अल्लामा हिल्ली ने इज़ाज़ा बनी ज़ोहरा से नक़्ल किया है। जिसकी फ़ज़ीलतों में यह भी है के उसकी वजेह से बहुत से गुनाह माफ़ कर दिए जाते हैं। और जो व्यक्ति इस नमाज़ को अदा करेगा जब क़ब्र की पहली रात होगी तो परवरदिगार उसके सवाब को हसीन तरीन शक्ल और नूरानी चेहरे के साथ फ़सीह ज़बान देकर भेज देगा और वह उससे कहेगा के मेरे महबूब तुझे बशारत हो के तूने हर सख़्ती और हर ग़म से नजात हासिल कर ली है तो वह घबरा कर पूछेगा के मैंने तुझ जैसा हसीन तो कोई नहीं देखा है और न ऐसा शीरीन कलाम कभी सुना है और न ऐसी ख़ुशबू महसूस की है। तो तू है कौन? वह कहेगा के मैं उस नमाज़ का सवाब हूँ जो तूने फुलाँ साल रजब के महीने की फुलाँ रात में अंजाम दी थी अब मैं आया हूँ के तेरे हक़ को अदा करूँ और तेरी तनहाई का मूनिस बनूँ। तेरी वहशत मिटा दूँ और जब क़यामत के दिन सूर फूंका जाए तो तेरे सर पर साया फ़िगन रहूँ। ख़ुशहाल होजा के अब कोई ख़ैर तुझसे ज़ाएल न होगा। इस नमाज़ की कैफ़ियत यह है के रजब के महीने की पहली जुमेरात को रोज़ा रखे और जब शबे जुमा हो जाए तो नमाज़े मग़रिब और ईशा के बीच बारह रकत नमाज़ पढ़े और हर दो रकत पर सलाम पढ़े और हर रकत में सूरह हम्द के बाद तीन बार सूरह क़द्र और बारह बार सूरह तौहीद पढ़े। नमाज़ से फ़ारिग़ होने के बाद सत्तर बार कहे:

اَللّٰهُمَّ صَلِّ عَلٰى مُحَمَّدِ النَّبِيِّ الْاُمِّيِّ وَعَلٰى آلِهٖ.

ऐ ख़ुदा रहमत नाज़िल कर नबीए उम्मी मोहम्मद और उनकी आल पर।

उसके बाद सजदे में जाए और सत्तर बार कहे:

سُبُّوحٌ قُدُّوسٌ رَبُّ الْمَلَآئِكَةِ وَالرُّوحِ

पाक है क़ुद्दूस है मलाएका और रूह का मालिक।

फिर सजदे से सर उठा कर सत्तर बार कहे:

رَبِّ اغْفِرْ وَ ارْحَمْ وَ تَجَاوَزْ عَمَّا تَعْلَمُ اِنَّكَ اَنْتَ الْعَلِيُّ

ऐ रब माफ़ कर और रहम कर और दरगुज़र कर जो तू जानता है। बेशक तू सबसे आला और

और दोबारा सजदे में जाकर फिर सत्तर बार कहे: الْاَعْظَمُ

बड़ा है।

سُبُّوحٌ قُدُّوسٌ رَبُّ الْمَلَآئِكَةِ وَالرُّوحِ

पाक है क़ुद्दूस है मलाएका और रूह का मालिक।

और फिर अपनी हाजत को तलब करे जो इन्शाअल्लाह पूरी होगी। यह भी मालूम रहे के रजब के महीने में ज़ियारते इमाम रेज़ा (अ) मुस्तहब भी है और ख़ुसूसियत भी रखती है जिस तरह के इस महीने में उमरे की फ़ज़ीलत भी वारिद हुई है। और उसे हज के बराबर क़रार दिया गया है। और नक़्ल किया गया है के रजब के महीने में इमाम ज़ैनुल आबेदीन (अ) ने उमरा किया तो रोज़ाना ख़ाने काबा के पास नमाज़ अदा फ़रमाते थे। और दिन रात सजदा किया करते थे। और सजदे में यह ज़िक्र किया करते थे:

عَظُمَ الذَّنْبُ مِنْ عَبْدِكَ فَلْيَحْسُنِ الْعَفْوُ مِنْ عِنْدِكَ

तेरे बंदे की ख़ता बहुत बड़ी है तो तेरी तरफ़ से माफ़ी को अच्छा बना दे।

दूसरी क़िस्म: रजब के दिन रात के मख़सूस आमाल

पहली रात जो इन्तेहाई मोहतरम रात है उसमे चंद आमाल हैं:

1. जब चांद देखे तो पढ़े:

اَللّٰهُمَّ اَهِلَّهُ عَلَيْنَا بِالْاَمْنِ وَالْاِيمَانِ وَالسَّلاَمَةِ وَالْاِسْلاَمِ رَبِّي

पर्वर्दिगार इस चाँद को हमारे लिए अम्नो ईमान व सलामाती व इसलाम का चाँद कर देना। ऐ चाँद

وَرَبُّكَ اللهُ عَزَّ وَجَلَّ

मेरे और तेरा दोनो का पर्वर्दिगार वही ख़ुदा ए इज़ व जल है।

और हज़रते रसूल (स) से मनक़ूल है के जब रजब का चाँद देखे तो पढ़े:

اَللّٰهُمَّ بَارِكْ لَنَا فِي رَجَبٍ وَشَعْبَانَ وَبَلِّغْنَا شَهْرَ رَمَضَانَ وَاَعِنَّا

ख़ुदाया हमे रजब व शाबान के महीने की बरकत इनायत फ़रमा व हमे रमज़ान के महीने तक पहुँचा

عَلَى الصِّيَامِ وَالْقِيَامِ وَحِفْظِ اللِّسَانِ وَغَضِّ الْبَصَرِ وَلَا تَجْعَلْ

दे। और उसके राज़े व नमाज़ और उसके ज़माने मे अपनी ज़बान को महफ़ूज़ रखने और निगाहों को

حَظَّنَا مِنْهُ الْجُوعَ وَالْعَطَشَ

नीचे रखने मे हमारी मदद कर। और हमारा हिस्सा रमज़ान के महीने मे केवल भूको प्यास न होने पाए।

2. इस शब में ग़ुस्ल करे के बाज़ ओलमा ने फ़रमाया है और रसूले अक्रम (स) से रिवायत है के जो व्यक्ति रजब के महीन को हासिल कर ले और उसकी पहली और पंद्रह और आख़री रात में ग़ुस्ल करे तो वह गुनाहों से यूँ निकल आता है जैसे शिकमे मादर से पैदा हुआ हो।
3. ज़ियारते इमाम हुसैन (अ) पढ़े।
4. नमाज़े मग़रिब के बाद बीस रकत नमाज़ पढ़े और सूरह हम्द और सूरह तौहीद के साथ हर दो रकत के बाद सलाम पढ़े ताके ख़ुद और उसके अहलो अयात मालो औलाद सब महफ़ूज़ रहें। और अज़ाबे क़ब्र से भी पनाह में रहे और सिरात से बिजली की तरह गुज़र जाए।
5. नमाज़े इशा के बाद दो रकत नमाज़ पढ़े जिसकी पहली रकत में सूरह हम्द और सूरह अलम नशरह एक बार और सूरह तौहीद तीन बार और दूसरी रकत में सूरह हम्द अलम नशरह और सूरह तौहीद और सूरह नास और सूरह फ़लक पढ़े सलाम के बाद तीस बार कहे:
नही है माबूद ख़ुदा के सिवा।
और तीस बार सलवात पढ़े ताके परवरदिगार उसके गुनाहों को माफ़ कर के इतना पाकीज़ा बना दे जैसे आज ही पैदा हुआ है। لَا اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ और तीस बार सलवात पढ़े ताके परवरदिगार उसके गुनाहों को माफ़ कर के इतना पाकीज़ा बना दे जैसे आज ही पैदा हुआ है। اَللّٰهُمَّ صَلِّ عَلٰى مُحَمَّدٍ وَآلِ مُحَمَّدٍ6. तीस रकत नमाज़ पढ़े जिसकी हर रकत में सूरह हम्द और सूरह क़ाफ़िरून एक बार और सूरह तौहीद तीन बार।
???7. वह अमल बजा लाए जिसे शेख़ ने मिसबाहे मुतहज्जिद में लिखा है। (शबे अव्वले रजब के आमाल में) अबुल बख़तरी वहब बिन वहब के वास्ते से इमामे सादिक़ (अ) से और उन्होंने अपने आबा-ओ-अजदाद के ज़रिए अमीरूल मोमिनीन (अ) से नक़्ल किया है के हज़रत को यह बात पसंद थी के इंसान अपने को साल में चार रात ख़ाली रखे। और उन रातों को इबादते इलाही में गुज़ार दे। शबे अव्वल माहे रजब, शबे नीमए शाबान, शबे ईदुल फ़ित्र और शबे ईदे क़ुरबान।

इमाम मोहम्मद तक़ी (अ) से रिवायत है के आपने फ़रमाया के जो व्यक्ति नमाज़े इशा के बाद शबे अव्वले रजब इस दुआ को पढ़े उसने गोया एक अच्छा काम किया है।

اَللّٰهُمَّ اِنِّیۡ اَسۡاَلُكَ بِاَنَّكَ مَلِكٌ وَاَنَّكَ عَلٰی كُلِّ شَیۡءٍ مُقۡتَدِرٌ وَاَنَّكَ

ख़ुदाया मै तुझसे विन्ती करता हूँ के तू बादशाह है और तू हर चा०rज पर क़ुदरत रखता है।

مَا تَشَاءُ مِنۡ اَمۡرٍ یَكُوۡنُ اَللّٰهُمَّ اِنِّیۡ اَتَوَجَّهُ اِلَیۡكَ بِنَبِیِّكَ مُحَمَّدٍ نَبِیِّ

और जो काम चाहता है वो हो जाता है। मै तेरी तरफ़ मुतवज्ञे हूँ। तेरे नबी ए रहमत हज़रत

الرَّحۡمَةِ صَلَّی اللّٰهُ عَلَیۡهِ وَاٰلِهٖ یَا مُحَمَّدُ یَا رَسُوۡلَ اللّٰهِ اِنِّیۡ اَتَوَجَّهُ بِكَ اِلٰی

मुहम्मद के वास्ते से। ऐ मुहम्मद ऐ रसूले ख़ुदा मै आपके ज़रिए उस ख़ुदा की तरफ़ मुतवज्ञे

اللّٰهِ رَبِّكَ وَرَبِّیۡ لِیُنۡجِحَ لِیۡ بِكَ طَلِبَتِیۡ اَللّٰهُمَّ بِنَبِیِّكَ مُحَمَّدٍ وَ الۡاَئِمَّةِ

हूँ। जो मेरे और आपका दोनो का पर्वर्दिगार है। ताके आपके वसीले से मेरी हाजतों को पूरा

مِنۡ اَهۡلِ بَیۡتِهٖ صَلَّی اللّٰهُ عَلَیۡهِ وَ عَلَیۡهِمۡ اَنۡجِحۡ طَلِبَتِیۡ

करदे।

और उसके बाद अपनी हाजतें बयान करे।
अली बिन हदीद से रिवायत है के इमाम मूसा काज़म (अ) नमाज़े शब के बाद सजदे में यह दुआ पढ़ा करते थे।

لَكَ الۡمَحۡمَدَةُ اِنۡ اَطَعۡتُكَ وَلَكَ الۡحُجَّةُ اِنۡ عَصَیۡتُكَ لَا صُنۡعَ لِیۡ وَلَا

पर्वर्दिगार अगर मै तेरा कहना मानूँ तो तेरा शुक्र है। और अगर मै मासियत करूँ तो तेरी हुज्जत मुझपर

لِغَيْرِی فِی اِحْسَانٍ اِلَّا بِكَ يَا كَائِنًا قَبْلَ كُلِّ شَیْءٍ وَيَا مُكَوِّنَ كُلِّ

तमाम है। मेरे लिए मेरे ग़ैर के पास कोई नेकी नही है। मगर वो सब तेरा ही अतिया है। ऐ वो जो सबसे

شَیْءٍ اِنَّكَ عَلٰی كُلِّ شَیْءٍ قَدِيرٌ اَللّٰهُمَّ اِنِّی اَعُوذُ بِكَ مِنَ الْعَدِيلَةِ

पहले था और हर शै का ईजाद करनेवाला है। तूही हर चा०rज पर क़ादिर है। ख़ुदाया मै तेरी पनाह

عِنْدَ الْمَوْتِ وَمِنْ شَرِّ الْمَرْجِعِ فِی الْقُبُورِ وَمِنَ النَّدَامَةِ يَوْمَ

चाहता हूँ। मौत के समय इनहिराफ से और क़बर मे बदतरीन बाज़गश्त से। और क़यामत के दिन की

الآزِفَةِ فَاَسْاَلُكَ اَنْ تُصَلِّیَ عَلٰی مُحَمَّدٍ وَآلِ مُحَمَّدٍ وَاَنْ تَجْعَلَ عَيْشِی

शर्मिंदगी से। मेरा सवाल है के मुहम्मद और आले मुहम्मद पर रहमत नाज़ल फ़रमा। मेरी ज़िंदगी को

عِيشَةً نَقِيَّةً وَمِيتَتِی مِيتَةً سَوِيَّةً وَمُنْقَلَبِی مُنْقَلَبًا كَرِيمًا

पाकीज़ा ज़िंदगी और मौत को मोतदिल मौत। और मेरी वापसी को बाकरामत वापसी क़रार देदे जिसमे

غَيْرَ مُخْزٍ وَلَا فَاضِحٍ اَللّٰهُمَّ صَلِّ عَلٰی مُحَمَّدٍ وَآلِهِ الاَئِمَّةِ يَنَابِيعِ

न कोई ज़िल्लत हो और न कोइ रूसवाई। ख़ुदाया मुहम्मद व आले मुहम्मद पर रहमत नाज़िल फ़रमा। जो

الْحِكْمَةِ وَاُولِی النِّعْمَةِ وَمَعَادِنِ الْعِصْمَةِ وَاعْصِمْنِی بِهِمْ مِنْ

आइम्मा हैं। हिकमत से सरचश्मे और औलिया ए नेमत हैं। और इस्मत का मादन हैं। उनके ज़रिए मुझे

كُلِّ سُوءٍ وَلَا تَاخُذْنِی عَلٰی غِرَّةٍ وَلَا عَلٰی غَفْلَةٍ وَلَا تَجْعَلْ عَوَاقِبَ

हर बुरई से महफ़ूज़ रखना और मुझे मेरी ग़फ़लत की हालत मे अपनी गिरफ़्त मे न ले लेना। और न मेरे

اَعْمَالِی حَسْرَةً وَارْضَ عَنِّی فَاِنَّ مَغْفِرَتَكَ لِلظّٰلِمِیْنَ وَاَنَا مِنَ

अनजाने मे मुझे पकड़ लेना। मेरे आमाल का अंजाम हसरत न होने पाए। और तू हम से राज़ी होजा के

الظّٰلِمِیْنَ اَللّٰهُمَّ اغْفِرْ لِی مَا لَا یَضُرُّكَ وَاَعْطِنِی مَا لَا یَنْقُصُكَ

तेरी मग़ाफ़िरत अपने ऊपर ज़ुल्म करने वालों के लिए ही है। और मै उन्ही मे से हूँ। ख़ुदाया मेरे गुनाह को

فَاِنَّكَ الْوَسِیْعُ رَحْمَتُهُ الْبَدِیْعُ حِكْمَتُهُ وَاَعْطِنِی السَّعَةَ وَالدَّعَةَ

माफ़ करदे के उस्से तेरा कोई नुक़सान नही है। और मुझे वो सब कुछ अता फ़रमा दे जिससे तेरे खज़ाने मे

وَ الْاَمْنَ وَالصِّحَّةَ وَالنُّجُوعَ وَالْقُنُوعَ وَالشُّكْرَ وَالْمُعَافَاةَ

कोई कमी होनेवाली नही है। के तेरी रहमत वसी और तेरी हिकमत निराली है। मुझे वुसअत राहत अमन

وَالتَّقْوٰی وَالصَّبْرَ وَالصِّدْقَ عَلَیْكَ وَعَلٰی اَوْلِیَائِكَ وَالْیُسْرَ

सेहेत ख़ुज़ू क़िनाअत शुक्र आाफ़ियत तक़वा सब्र और सदाक़त की ताफ़ा०rक अता फ़रमा। और अपने

وَالشُّكْرَ وَاَعِمَّ بِذٰلِكَ یَارَبِّ اَهْلِی وَوَلَدِی وَاِخْوَانِی فِیكَ وَمَنْ

और औलिया के बारे मे सहूलत और शुक्र अता फ़रमा और मेरे तमाम अहल व औलाद बिरादराने

اَحْبَبْتُ وَاَحَبَّنِی وَوَلَدْتُ وَوَلَدَنِی مِنَ الْمُسْلِمِیْنَ وَالْمُؤْمِنِیْنَ

ईमान और जिनसे मै मुहब्बत करता हूँ और मुझसे मुहब्बत करते हैं और मेरी औलाद मे हैं या मेरे आबा

یَارَبَّ الْعَالَمِیْنَ

व अजाद मे मुसलिमीन व मोमिनीन हैं। उन सब को मेरी दुआ मे शामिल करले ऐ रब्बुल आलमीन।

इब्ने अश्याम का बयान है के यह दुआ नमाज़े शब की आठ रकत के बाद नमाज़े वत्र से पहले पढ़ी जाए। उसके बाद तीन रकत नमाज़े शफ्अ और वत्र पढ़कर यह दुआ पढ़े:
वाज़ेह रहे के ओलमा इक्राम ने इस रात के लिए मख़सूस नमाज़ भी नक़्ल की है जिसके ज़िक्र करने की इस मकाम पर गुंजाइश नहीं है।

اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ الَّذِیْ لَا تَنْفَدُ خَزَائِنُهٗ وَلَا یَخَافُ آمِنُهٗ رَبِّ اِنِ

सारी हम्द उस ख़ुदा के लिए है जिसके ख़ज़ाने ख़त्म नही होते हैं। और उसका मह़फ़ूज़ किया

ارْ تَكَبْتُ الْمَعَاصِیَ فَذٰلِكَ ثِقَةٌ مِنِّیْ بِكَرَمِكَ اِنَّكَ تَقْبَلُ

हुआ ख़ाफ़ज़दा नही होता है। ख़ुदाया अगर मैने गुनाह किया है तो सिर्फ़ इस लिए के तेरे करम

التَّوْبَةَ عَنْ عِبَادِكَ وَتَعْفُو عَنْ سَیِّئَاتِهِمْ وَتَغْفِرُ الزَّلَلَ

पर एतेमाद था के तू तौबा को क़ुबूल कर लेता है। और बुराईयों को माफ़ कर देता है। लगाज़िशों

وَاِنَّكَ مُجِیْبٌ لِدَاعِیْكَ وَمِنْهُ قَرِیْبٌ وَاَنَا تَائِبٌ اِلَیْكَ مِنَ

से दरगुज़र कर देता है। और अपने दुआ करनेवालों की सुनता है। और उनसे क़रीब तर है।

الْخَطَایَا وَرَاغِبٌ اِلَیْكَ فِیْ تَوْفِیْرِ حَظِّیْ مِنَ الْعَطَایَا یَا خَالِقَ

और मै तेरी बारगाह मे अपनी ख़ताओं से तौबा कर रहा हूँ और तुझही से कह रहा हूँ। के अपने

الْبَرَایَا یَا مُنْقِذِیْ مِنْ كُلِّ شَدِیْدَةٍ یَا مُجِیْرِیْ مِنْ كُلِّ مَحْذُوْرٍ

अताया मे से मेरा हिस्से को ज़्यादा करदे। ऐ मख़लूकात के पैदा करनेवाले। ऐ हर मुसीबत से

وَفِّرْ عَلَيَّ السُّرُورَ وَاكْفِنِي شَرَّ عَوَاقِبِ الْأُمُورِ فَأَنْتَ

निकालने वाले। हर बुरई से पनाह देने वाले। मेरे सुरूर मे इज़ाफ़ा करदे। और मुझे बदतरीन

اللهُ عَلَى نَعْمَائِكَ وَجَزِيلِ عَطَائِكَ مَشْكُورٌ وَلِكُلِّ خَيْرٍ

नताएज से महफ़ूज़ रखना। के तू अल्लाह है। और सारी नेमतें तेरी ही हैं। सारे अताया पर तेरा ही

مَذْخُورٌ

शुक्रिया अदा किया जाता है। और हर ख़ैर के लिए तुझ ही को ज़ºखीरा समझा जाता है।

रजब का पहला दिन

रोज़े अव्वल रजब: इन्तेहाई बा शराफ़त दिन है और उसमें चंद आमाल हैं:

व्यक्ति किसी यतीम पर ज़ुल्म करेगा तकलीफ़ दे या उसके माल को बरबाद कर दे वह भी शाख़े ज़क़्क़ूम से लटक गया। और जो व्यक्ति किसी मोमिन की इज़्ज़त को बरबाद करे और लोगों को उस पर आमादा करे वह भी शाख़े ज़क़्क़ूम से लटक गया। और जो व्यक्ति इस प्रकार गाना गाए के उसके गाने से लोग गुनाहों पर आमादा हों वह भी शाख़ से लटक गया। और जो व्यक्ति बैठकर जंगों में अपने बुरे सुलूक को शुमार करे और बंदो पर अपने ज़ुल्मो सितम को याद कर के फ़ःख्र करे वह भी शाख़े ज़क़्क़ूम से लटक गया। और जिसका पड़ोसी बीमार हो और वह उसे मामूली समझते हुए अयादत न करे वह भी शाखे ज़क़्क़ूम से लटक गया। और जिसका पड़ोसी मर गया और उसने नमाज़े जनाज़ा की मशायत न की उसको ज़लील समझते हुए वह भी शाखे ज़क़्क़ूम से लटक गया। और जो व्यक्ति मुसीबत ज़दा को ज़लील कहते हुए उससे मूंह फेर ले और उसपर ज़ुल्म करे वह भी ज़क़्क़ूम के पेड़ से लटक गया। जो व्यक्ति माता पिता या उनमें से किसी एक का आक़ हो गया वह भी शाख़े ज़क़्क़ूम से लटक गया। और जो व्यक्ति माँ बाप का आक़ रहा हो और उन्हें क़ादिर होने के बावजूद ख़ुश न करे वह भी शाख़े ज़क़्क़ूम से लटक गया। इसी प्रकार कोई व्यक्ति भी अगर कोई बुराई करे तो वह शाख़े ज़क़्क़ूम से लटक गया।

क़सम है उस ज़ात की जिसने मुझको हक़ के साथ भेजा है के तूबा के पेड की शाखों से लटक जाने वाले जन्नत की ओर बुलंद होते हैं।

यह कहकर आपने अपनी निगाह आसमान की जानिब की और कुछ मुसकुराए और फिर निगाह ज़मीन पर डाली और पेशानी पर आसारे नाराज़गी नुमाया हो गए और असहाब को देख कर फ़रमाया: क़सम है उस ज़ात की जिसने मोहम्मद को हक़ के साथ भेजा है के मैंने तूबा के पेड को बुलंद होते हुए देखा है और उन लोगों को जन्नत की ओर बुलंद करते देखा है जो उसकी एक शाख़ या कई शाखों से अपनी इताअत के लेहाज़ से लिपटे हुए थे। चुनानचे जब मैंने ज़ैद बिन हारिसा को उसकी कई शाख़ों से लिपटा हुआ देखा के वह शाखें उसे जन्नत के आला इल्लीईन की ओर ले जा रही हैं तो हंस पड़ा और ख़ुश हो गया और फिर मैंने ज़मीन की ओर निगाह की तो क़सम है उस ज़ात

की जिसने मुझको हक के साथ भेजा है के मैंने ज़क़्क़ूम के पेड़ को देखा के उसकी शाखें नीचे की ओर जा रही है और उन लोगों को भी देखा जो उसकी एक शाख या कई शाखों से अपनी नाफ़रमानी के कारण चिमटे हुए थे और वह उन्हें जहन्नम की ओर ले जा रही थी। और मैंने देखा के कुछ लोग एक शाख़ या कई शाख़ों से अपनी नाफ़रमानी के कारण चिमटे हुए थे और वह उन्हें जहन्नम की ओर ले जा रही थी। और मैंने देखा के कुछ लोग एक शाख़ से और कुछ लोग दो शाख़ों या चंद शाख़ों से लिपटे हैं और मैंने बाज़ मुनाफ़िक़ों को देखा के ज़्यादा शाख़ों से लटके हुए हैं। और वह उन्हें जहन्नम के अंतिम तबक़े की ओर ले जा रही हैं। इस वजह से मैं उदास हो गया और मेरा चेहरा उदास हो गया और पेशानी पर शिकन आ गई।

तीसरी शाबान

इन्तेहाई मुबारक दिन है। शेख़ ने मिसबाह में फ़रमाया के इस दिन इमाम हुसैन बिन अली (अ) की विलादत हुई और क़ासिम बिन अली हमदानी वकीले इमाम हसन असकरी (अ) की तरफ़ तौक़ी शरीफ़ आई है के जुमेरात के दिन तीसरी शाबान इमामे हुसैन (अ) की विलादत हुई है। लेहाज़ा इस तारीख़ को रोज़ा रखो और इस दुआ को पढ़ो:

اَللّٰهُمَّ اِنِّیۡ اَسۡئَلُكَ بِحَقِّ الۡمَوۡلُوۡدِ فِیۡ هٰذَا الۡیَوۡمِ الۡمَوۡعُوۡدِ

ख़ुदाया मै सवाल करता हूँ उसके वास्ते से जो आज की तारीख़ मे पैदा हुआ है और जिसकी

بِشَهَادَتِهٖ قَبۡلَ اسۡتِهۡلَالِهٖ وَ وِلَادَتِهٖ بَكَتۡهُ السَّمَآءُ وَ مَنۡ

विलादत से पहले उसकी शहादत का वादा लिया है। उसपर आसमान और अहले आसमान।

فِیۡهَا وَ الۡاَرۡضُ وَمَنۡ عَلَیۡهَا وَلَمَّا یَطَاۡ لَاَبَتَیۡهَا قَتِیۡلِ الۡعَبۡرَةِ

ज़मीन और अहले ज़मीन रोए हैं। हालांके अभी उसने ज़मीन पर पैर भी नही रखे थे। वो कुश्ते

وَ سَيِّدِ الْاُسْرَةِ الْمَمْدُوْدِ بِالنُّصْرَةِ يَوْمَ الْكَرَّةِ الْمُعَرَّضِ

गिरया है और सारे ख़ानदान का सरदार है। और रजत मे उसकी नुसरत का वादा किया गया है।

مِنْ قَتْلِهٖ اَنَّ الْاَئِمَّةَ مِنْ نَسْلِهٖ وَ الشِّفَآءَ فِيْ تُرْبَتِهٖ وَ الْفَوْزَ

और उसकी शहादत का इनाम ये है के इमामत उसकी नस्ल मे होगी। और उसकी ख़ाक मे शिफ़ा

مَعَهٗ فِيْ اَوْبَتِهٖ وَ الْاَوْصِيَآءَ مِنْ عِتْرَتِهٖ بَعْدَ قَآئِمِهِمْ وَ غَيْبَتِهٖ

होगी। और उसके साथ वापसी मे कामयाबी होगी। और औसिया उसकी इतरत मे होंगे। हज़रते

حَتّٰى يُدْرِكُوْا الْاَوْتَارَ وَ يَثْاَرُوا الثَّارَ وَ يُرْضُوا الْجَبَّارَ وَ

क़ायम व उनकी ग़ैबत के बाद। यहाँ तक के उसके ख़ून का बदला लेंगे। और ख़ुदा को राज़ी कर

يَكُوْنُوْا خَيْرَ اَنْصَارٍ صَلَّى اللّٰهُ عَلَيْهِمْ مَعَ اخْتِلَافِ اللَّيْلِ

लें व उसके बेहतरीन अन्सार मे शुमार हों। अल्लाह की रहमत उनकी शामिले हाल रहे। रोज़ व

وَ النَّهَارِ اَللّٰهُمَّ فَبِحَقِّهِمْ اِلَيْكَ اَتَوَسَّلُ وَاَسْئَلُ سُؤَالَ

शब की आमदो रफ़्त के साथ। ख़ुदाया मै उनही के हक़ को वसीला क़रार देता हूँ। और तुझसे

مُقْتَرِفٍ مُعْتَرِفٍ مُسِيْٓءٍ اِلٰى نَفْسِهٖ مِمَّا فَرَّطَ فِيْ يَوْمِهٖ وَ اَمْسِهٖ

उस गुनेहगार की तरह विन्ती करता हूँ जिसने अपने आप पर ज़्यादती की है। उस कोताही की

يَسْئَلُكَ الْعِصْمَةَ اِلٰى مَحَلِّ رَمْسِهٖ اَللّٰهُمَّ فَصَلِّ عَلٰى مُحَمَّدٍ وَ

बिना पर जो कल भी हुई है व आज भी है। अब ज़िन्दगी भर के लिए तेरी हिफ़ाज़त का तलबगार

عِتْرَتِهٖ وَاحْشُرْنَا فِيْ زُمْرَتِهٖ وَبَوِّئْنَا مَعَهٗ دَارَ الْكَرَامَةِ وَمَحَلَّ

है। ख़ुदाया मुहम्मद व आले मुहम्मद पर रहमत नाज़ल कर और हमे उनके जुम्रे मे महशूर कर।

الْاِقَامَةِ اَللّٰهُمَّ وَ كَمَا اَكْرَمْتَنَا بِمَعْرِفَتِهٖ فَاَكْرِمْنَا بِزُلْفَتِهٖ

और उनके साथ दारूल करामत और महले इक़ामत मे जगह देदे। ख़ुदाया जिस तरह तूने उनकी

وَارْزُقْنَا مُرَافَقَتَهٗ وَسَابِقَتَهٗ وَاجْعَلْنَا مِمَّنْ يُّسَلِّمُ لِاَمْرِهٖ وَ

मारेफ़त का शरफ़ इनायत किया है। और उनकी क़ुर्बत भी इनायत करदे। और उनकी साथ

يُكْثِرُ الصَّلٰوةَ عَلَيْهِ عِنْدَ ذِكْرِهٖ وَعَلٰى جَمِيْعِ اَوْصِيَآئِهٖ وَاَهْلِ

इनायत कर। हमे उन लोगों मे क़रार दे। जो उनके हुक्म के माननेवाले हों। और उनके ज़िक्र

اَصْفِيَآئِهِ الْمَمْدُوْدِيْنَ مِنْكَ بِالْعَدَدِ الْاِثْنٰى عَشَرَ النُّجُوْمِ

पर मुसलसल सलवात पढ़ते हों। उन पर और उनके तमाम औसिया और चुनिंदा व्यक्तियों पर

الزُّهَرِ وَ الْحُجَجِ عَلٰى جَمِيْعِ الْبَشَرِ اَللّٰهُمَّ وَهَبْ لَنَا فِيْ هٰذَا

जिनकी तेरी ओर से मदद की गई है। जो बारह व्यक्ति हैं। चमकते हुए सितारों की तरह। और

الْيَوْمِ خَيْرَ مَوْهِبَةٍ وَاَنْجِحْ لَنَا فِيْهِ كُلَّ طَلَبَةٍ كَمَا وَهَبْتَ

तमाम बंदों पर अल्लाह की हुज्जत। ख़ुदाया आज के दिन हमे बेहतरीन अतिया दे। और हमारी सब

الْحُسَيْنَ لِمُحَمَّدٍ جَدِّهٖ وَعَادَ فُطْرُسَ بِمَهْدِهٖ فَنَحْنُ عَآئِذُوْنَ

माँगों को पूरा करदे। जिस तरह तूने मुहम्मद को हुसैन अता किया है। और जिस प्रकार हुसैन के

بِقَبْرِهٖ مِنْهُمْ بَعْدِهٖ نَشْهَدُ تُرْبَتَهٗ وَ تَنْتَظِرُ اَوْبَتَهٗ اٰمِيْنَ رَبَّ

झूले के तुफ़ैल मे फ़ित्रूस को पनाह दी है। हम उनकी क़बर की पनाह मे उनकी तुरबत पर हाज़री

الْعَالَمِيْنَ.

देते हैं। और उनकी रजत का इंतेज़ार कर रहे हैं। आमिन ऐ रब्बल आलमीन।

उसके बाद दुआ इमामे हुसैन (अ) पढ़े जिसको हज़रत ने रोज़े आशूरा नरग़ए आदा में घिर जाने के बाद पढ़ा था।

اَللّٰهُمَّ اَنْتَ مُتَعَالِي الْمَكَانِ عَظِيْمُ الْجَبَرُوْتِ شَدِيْدُ الْمِحَالِ

ख़ुदाया तेरी मंजिल बुलंद, तेरी क़ुद्रत अज़ीम, तू मख़लूक़ात से बेनियाज़, तेरी किब्रियाई वसी, तू

غَنِيٌّ عَنِ الْخَلَائِقِ عَرِيضُ الْكِبْرِيَاءِ قَادِرٌ عَلٰى مَا تَشَاءُ قَرِيبُ

हर शै पर क़ादिर, तेरी रहमत क़रीब, तेरा वादा सच्चा, तेरी नेमत कामिल और तेरा इनाम हसीन है।

الرَّحْمَةِ صَادِقُ الْوَعْدِ سَابِغُ النِّعْمَةِ حَسَنُ الْبَلَاءِ قَرِيبٌ اِذَا

तुझे पुकारा जाता है तो तू क़रीब है। मख़लूक़ात पर मोहीत है। तौबा करनेवालों की तौबा क़ुबूल

دُعِيتَ مُحِيطٌ بِمَا خَلَقْتَ قَابِلُ التَّوْبَةِ لِمَنْ تَابَ اِلَيْكَ قَادِرٌ

करता है। जो चाहे वो कर सकता है। जिसे चाहे पकड़ सकता है। शुक्रिया अदा किया जाए तो

عَلٰى مَا اَرَدْتَ وَمُدْرِكٌ مَا طَلَبْتَ وَشَكُورٌ اِذَا شُكِرْتَ وَذَكُورٌ

क़ुबूल करता है। याद किया जाए तो याद करता है। ख़ुदाया मै तुझसे ब हालते एहतियाज दुआ

اِذَا ذُكِرْتَ اَدْعُوكَ مُحْتَاجًا وَاَرْغَبُ اِلَيْكَ فَقِيرًا وَاَفْزَعُ اِلَيْكَ

करता हूँ। और फ़क़ीर बनकर तेरी बारगाह मे आया हूँ। ख़ाफ़ज़दा होकर तेरी तरफ मुतावज्ञे हूँ।

خَائِفًا وَاَبْكِي اِلَيْكَ مَكْرُوبًا وَاَسْتَعِينُ بِكَ ضَعِيفًا وَاَتَوَكَّلُ

दर्दो रंज से रो रहा हूँ। कमज़ोरी मे तेरी मदद चाहता हूँ। और किफ़ायत के लिए तुझही पर भरोसा

عَلَيْكَ كَافِيًا اُحْكُمْ بَيْنَنَا وَبَيْنَ قَوْمِنَا بِالْحَقِّ فَاِنَّهُمْ غَرُّونَا

करता हूँ। मेरे और इस क़ौम के बीच फ़ैसला करदे। उनहोंने मुझे धोका दिया है। फ़रेब से काम

وَخَدَعُونَا وَخَذَلُونَا وَغَدَرُوا بِنَا وَقَتَلُونَا وَنَحْنُ عِتْرَةُ نَبِيِّكَ وَوَلَدُ

लिया है। मुझे छोड़ दिया है। मेरे साथ ग़द्दारी की और मुझे क़त्ल कर रहे हैं। हालाँके हम तेरे नबी

حَبِيبِكَ مُحَمَّدِ بْنِ عَبْدِ اللهِ الَّذِي اصْطَفَيْتَهُ بِالرِّسَالَةِ وَائْتَمَنْتَهُ

की इत्रत हैं। और तेरे हबीब हज़रत मुहम्मद बिन अब्दुल्लाह के फ़रजंद हैं जिनको तूने रिसालत

عَلٰى وَحْيِكَ فَاجْعَلْ لَنَا مِنْ اَمْرِنَا فَرَجًا وَمَخْرَجًا بِرَحْمَتِكَ يَا اَرْحَمَ

के लिए मुंताख़िब किया। और वही का अमीन बनाया। ख़ुदाया अब तूही हमे कशायशो वुसअत

الرَّاحِمِينَ

इनायत कर अपनी रहमते ख़ास से। ऐ रहेम करनेवलों मे सबसे ज़्यादा रहेम करनेवाले।

इमाम सादिक़ (अ) ने इस दुआ को तीसरी माहे शाबान की दुआओं में शुमार किया है।

तेरहवीं रात

रौशन रातों में पहली रात है। उसकी नमाज़ की तरकीब माहे रजब के आमाल में गुज़र चुकी है (13,14,15 शबें)

पंद्रहवीं शाबान

इन्तेहाई मुबारक रात है। इसके बारे में इमामे सादिक़ (अ) से रिवायत है के इमाम बाक़िर (अ) से इस रात के फ़ज़ाएल के बारे में पूछा गया तो आप (अ) ने फ़रमाया के यह रात शबे क़द्र के बाद तमाम रातों से अफ़ज़ल है। परवरदिगार इस रात में अपना फ़ज़्लो करम इनायत करता है और बंदों को अपने करम से माफ़ कर देता है। कोशिश करो के इस रात में ख़ुदा का तक़र्रूब हासिल करो। यह वह रात है जिसके बारे में परवरदिगार ने अपनी ज़ात की क़सम खाई है के अपने साईलों को अपनी बारगाह से ख़ाली हाथ वापस नहीं करेगा जब तक के किसी मासियत का सवाल न करें। यह वह रात है जिसे परवरदिगारे आलम ने हमारे लिए इसी प्रकार क़रार दिया है जैसे शबे क़द्र को पैग़म्बर के लिए। लेहाज़ा इस रात में दुआ व सनाए परवरदिगार की कोशिश करो।

इस रात की बरकातों में अिज़म तरीन बरकत यह है के इस रात में सुलताने अस्र हज़रत इमामे ज़माना (अ) की विलादत ब सआदत 255 हिज्र में हुई है। इस रात में चंद आमाल यह हैं:

एक: ग़ुस्ल। जो गुनाहों को माफ़ कराता है।

दो: नमाज़, दुआ और इस्तेग़फ़ार के साथ शब्बेदारी जैसा के इमामे सज्जाद (अ) करते थे। और रिवायत में है के इस रात में शब्बेदारी करनेवाले का दिल क़यामत के दिन मुर्दा नहीं हो सकता है।

तीन: ज़ियारते इमाम हुसैन (अ) जो इस रात के बेहतरीन आमाल में है और गुनाहों की बख़शिश का ज़रिया है। जो व्यक्ति चाहता है के एक लाख चौबीस हज़ार पैगंबरों से मुसाफ़ेहा करे उसे चाहिए के इस रात इमाम हुसैन (अ) की ज़ियारत करे। और कम से कम ज़ियारत यह है के छत पर जा कर दाहिने बाएं देखकर, सर आसमान की ओर बुलंद करे और कहे:

اَلسَّلَامُ عَلَيْكَ يَا اَبَا عَبْدِ اللهِ اَلسَّلَامُ عَلَيْكَ وَرَحْمَةُ اللهِ وَبَرَكَاتُهٗ

सलाम हो आप पर ऐ अबा अब्दुल्लाह। सलाम हो आप पर व अल्लाह की रहमत और बरकत।

जो व्यक्ति जहाँ भी चाहे है इसी प्रकार से हज़रत की ज़ियारत कर सकता है और उम्मीद है के उसे हज उमरे का सवाब दिया जाएगा। हम ज़ियारत के भाग में इस रात की मख़सूस ज़ियारत का भी ज़िक्र करेंगे।
चार: यह दुआ पढ़े जिसको शेख़ तूसी और सय्यद बिन ताऊस ने नक़्ल किया है और जो इमामे अस्र (अ.त.फ.श.) की ज़ियारत के बराबर है।

اَللّٰهُمَّ بِحَقِّ لَيْلَتِنَا هٰذِهٖ وَ مَوْلُوْدِهَا وَ حُجَّتِكَ وَمَوْعُوْدِهَا

ख़ुदाया आज की रात और उसके मौलूद के हक का वास्ता। तेरी हुज्जत और इस रात के मऊद का

اَلَّتِیْ قَرَنْتَ اِلٰی فَضْلِهَا فَضْلاً فَتَمَّتْ كَلِمَتُكَ صِدْقًا

वास्ता जिसकी फ़ज़ीलतों मे तूने मुसलसल इज़ाफ़ा किया है। यहाँ तक के तेरा कलमा सदाक़त

وَ عَدْلاً لاَ مُبَدِّلَ لِكَلِمَاتِكَ وَلاَ مُعَقِّبَ لِاٰيَاتِكَ نُوْرُكَ

व अदालत के साथ मुकम्मल हो गया। और अब तेरे कलमे को कोई बदल नही सकता। और

اَلْمُتَاَلِّقُ وَ ضِيَآؤُكَ الْمُشْرِقُ وَ الْعَلَمُ النُّوْرُ فِیْ طَخْيَآءِ

कोई तेरी आयात की ताक़ीब नही कर सकता है। तेरा नूर रोज़े रौशन तेरी जिया दरख़शंदा तेरा

اَلدَّيْجُوْرِ الْغَآئِبُ الْمَسْتُوْرُ جَلَّ مَوْلِدُهٗ وَ كَرُمَ مَحْتِدُهٗ

परचम अंधेरी रातों मे रौश्नी देने वाला। निगाहों से ग़ाएब और पसे परदा है। जिसकी विलादत

وَ الْمَلٰٓئِكَةُ شُهَّدُهٗ وَ اللّٰهُ نَاصِرُهٗ وَ مُؤَيِّدُهٗ اِذَا اٰنَ مِيْعَادُهٗ

जलील और जिसकी असल अज़ीम है। मलाएका उसके गवाह। अल्लाह उसका मददगार और

وَ الْمَلَآئِكَهُ اَمْدَادُهٗ سَيْفُ اللّٰهِ الَّذِیْ لَا يَنْبُوْ وَ نُوْرُهٗ

ताईद करनेवाला है। जब उसका मोअय्यन समय आ जाए। और मलाएका उसके मददगार हों।

الَّذِیْ لَا يَخْبُوْ وَ ذُوالْحِلْمِ الَّذِیْ لَا يَصْبُوْ مَدَارُ الدَّهْرِ وَ

वो अल्लाह की वो तलवार है जो चूकती नही। वो नूर है जो बुझनेवाला नही है। वो होशवाला है जो

نَوَامِيْسُ الْعَصْرِ وَ وُلَاةُ الْاَمْرِ وَ الْمُنَزَّلُ عَلَيْهِمْ مَا يَتَنَزَّلُ

बहकने वाला नही है। ज़माने का दारो मदार हर दौर के नामूस का जिम्मेदार। वली ए अम्र जिसपर

فِیْ لَيْلَةِ الْقَدْرِ وَ اَصْحَابُ الْحَشْرِ وَ النَّشْرِ تَرَاجِمَةَ وَحْيِهٖ وَ

शबे क़द्र मे नाज़ल होते हैं। साहेबाने हश्र न नश्र। वही के तरजुमान। अम्रो नही के ज़िम्मेदार हैं।

وُلَاةُ اَمْرِهٖ وَ نَهْيِهٖ اَللّٰهُمَّ فَصَلِّ عَلٰی خَاتِمِهِمْ وَ قَآئِمِهِمُ

ख़ुदाया अपने इन बंदों के ख़ातम और क़ायम पर रहमत नाज़िल कर जिसको आलमीन की

الْمَسْتُوْرِ عَنْ عَوَالِمِهِمْ وَ اَدْرِكْ بِنَا اَيَّامَهٗ وَ ظُهُوْرَهٗ وَ

निगाहों से छुपा के रखा है। मालिक हमे उनके ज़हूर के दौरान और उनके क़याम तक बाक़ी

قِيَامَهٗ وَاجْعَلْنَا مِنْ اَنْصَارِهٖ وَاقْرِنْ ثَارَنَا بِثَارِهٖ وَا كْتُبْنَا

रखना। और उनके अन्सार के क़रार देना। हमारे बदला लेने को उनके बदला लेने से मिला देना।

فِیْ اَعْوَانِہٖ وَ اَحْیِنَا فِیْ دَوْلَتِہٖ نَاعِمِیْنَ وَ بِصُحْبَتِہٖ غَانِمِیْنَ

और हमे उनके मददगारों और मुख़लिसीन मे लिख लेना। और उनकी हुकूमत मे सुकून के साथ

وَ بِحَقِّہٖ قَآئِمِیْنَ وَ مِنَ السُّوْءِ سَالِمِیْنَ یَا اَرْحَمَ الرَّاحِمِیْنَ وَ

ज़िंदा रखना ताके उनकी सोहबत का शरफ़ हासिल कर सकें। और उनके हक को अदा कर

اَلْحَمْدُ لِلّٰہِ رَبِّ الْعَالَمِیْنَ وَ صَلَوَاتُہٗ عَلٰی سَیِّدِنَا مُحَمَّدٍ خَاتَمِ

सकें। और हर बुराई से महफ़ूज़ रह सकें। या अरहमर राहे मीन। हम्द उस अल्लाह के लिए जो

النَّبِیِّیْنَ وَ الْمُرْسَلِیْنَ وَ عَلٰی اَھْلِ بَیْتِہِ الصَّادِقِیْنَ وَ

रब्बुल आलमीन है। सलवात हमारे आक़ा मुहम्मद ख़ातिमुन नबीईन व मुरसलीन और उनके

عِتْرَتِہِ النَّاطِقِیْنَ وَالْعَنْ جَمِیْعَ الظّٰالِمِیْنَ وَاحْکُمْ بَیْنَنَا

अहलेबैते सादिक़ीन पर और उनकी इतरते नातिक़ीन पर। और लानत हो तमाम ज़ालिमीन पर।

وَ بَیْنَھُمْ یَا اَحْکَمَ الْحَاکِمِیْنَ.

ख़ुदाया हमारे और उन ज़ालिमों के बीच तू ही फ़ैसला करना के तू बेहतरीन फ़ैसला करनेवाला है।

पाँच: शेख़ तूसी ने इस्माईल बिन फ़ज़्ल हाशमी से रिवायत की है के इमामे जाफ़रे सादिक़ (अ) ने शबे नीमे शाबान के लिए मुझे यह दुआ तालीम की है:

اَللّٰھُمَّ اَنْتَ الْحَیُّ الْقَیُّوْمُ الْعَلِیُّ الْعَظِیْمُ الْخَالِقُ الرَّازِقُ

ख़ुदाया तू हई, क़य्यूम, अली, अज़ीम, ख़ालिक, राज़िक, ज़िंदगी बख़्श, मौत देने वाले, ईजाद

الْمُحْيِي الْمُمِيتُ الْبَدِيءُ الْبَدِيعُ لَكَ الْجَلَالُ وَلَكَ الْفَضْلُ

करनेवाला, साहेबे जलाल, साहेबे फ़ज़्ल, साहेबे हम्द, साहेबे एहसान जूद व करम, साहेबे अम्र,

وَلَكَ الْحَمْدُ وَلَكَ الْمَنُّ وَلَكَ الْجُودُ وَلَكَ الْكَرَمُ وَلَكَ الْأَمْرُ

साहेबे बुज़ुर्गा है। और तेरे लिए ही शुक्र है। तेरा कोई शरीक नही है। ऐ ख़ुदा ए वाहिद व अहद।

وَلَكَ الْمَجْدُ وَلَكَ الشُّكْرُ وَحْدَكَ لَا شَرِيكَ لَكَ يَا وَاحِدُ يَا

बेनियाज़ जिसका कोई बाप है न बेटा, न कोई कफ़ू न हमसर। मुहम्मद व आले मुहम्मद पर रहमत

اَحَدُ يَا صَمَدُ يَا مَنْ لَمْ يَلِدْ وَلَمْ يُولَدْ وَلَمْ يَكُنْ لَهُ كُفُوًا اَحَدٌ

नाज़ल फ़रमा। मुझे माफ करदे। मुझपर मेहेरबानी कर। मेरे मोहिम्मात मे काफ़ी होजा। मेरे क़र्ज़

صَلِّ عَلٰى مُحَمَّدٍ وَآلِ مُحَمَّدٍ وَاغْفِرْ لِي وَارْحَمْنِي وَاكْفِنِي مَا اَهَمَّنِي

को अदा करदे। मेरे रिज़्क़ मे वुसअत इनायत कर। इसलिए के तू आजकी रात तमाम मोहकम

وَاقْضِ دَيْنِي وَوَسِّعْ عَلَيَّ فِي رِزْقِي فَاِنَّكَ فِي هٰذِهِ اللَّيْلَةِ كُلَّ اَمْرٍ

उमूर का फ़ैसला करता है। और जिसको चाहता उसको अता कर देता है। मुझे भी अता करदे।

حَكِيمٍ تَفْرُقُ وَمَنْ تَشَاءُ مِنْ خَلْقِكَ تَرْزُقُ فَارْزُقْنِي وَاَنْتَ

इस लिए के तू बेहतरीन रिज़्क़ देने वाला है। तूने ख़ुद कहा है। और तू बेहतरीन कहनेवाला है के

خَيْرُ الرَّازِقِينَ فَاِنَّكَ قُلْتَ وَاَنْتَ خَيْرُ الْقَائِلِينَ النَّاطِقِينَ:

मेरे फ़ज़्ल का सवाल करो। अब मै तेरे फ़ज़्ल का सवाल करता हूँ। मैने तेरा इरादा किया है। और

﴿وَاسْأَلُوا اللَّهَ مِنْ فَضْلِهِ﴾ فَمِنْ فَضْلِكَ أَسْأَلُ وَإِيَّاكَ قَصَدْتُ

तेरे फ़रज़ंदे रसूल पर एतेमाद किया है। अब तुझसे उम्मीदवार हूँ के मझपर रहमत नाज़ल कर।

وَابْنَ نَبِيِّكَ اعْتَمَدْتُ وَلَكَ رَجَوْتُ فَارْحَمْنِي يَا أَرْحَمَ الرَّاحِمِينَ

ऐ रहेम करने वलों मे सबसे ज़्यादा रहेम करने वाले।

छे: इस रात में उस दुआ को पढ़े जो रसूले अक्रम (स) से नक़्ल की गई है।

اَللّٰهُمَّ اقْسِمْ لَنَا مِنْ خَشْيَتِكَ مَا يَحُولُ بَيْنَنَا وَبَيْنَ

ख़ुदाया हमे अपने ख़ाफ़ से वो हिस्सा अता कर जो हमारे और मासियत के आड़े आए। और

مَعْصِيَتِكَ وَمِنْ طَاعَتِكَ مَا تُبَلِّغُنَا بِهِ رِضْوَانَكَ وَمِنَ

अपनी इताअत का वो हिस्सा अता कर जो तेरी रज़ा तक पहुचा दे और अपने यक़ीन मे से वो

الْيَقِينِ مَا يَهُونُ عَلَيْنَا بِهِ مُصِيبَاتُ الدُّنْيَا اَللّٰهُمَّ اَمْتِعْنَا

हिस्सा अता कर जो दुनिया की मुसीबतों को आसान करदे। ख़ुदाया हमे हमारी समाअत, बसारत

بِأَسْمَاعِنَا وَأَبْصَارِنَا وَقُوَّتِنَا مَا أَحْيَيْتَنَا وَاجْعَلْهُ الْوَارِثَ

न क़ुव्वत से बहरावर रखना। जब तक ज़िंदा रखना। और फ़िर उसको हमारी विरासत क़रार दे

مِنَّا وَاجْعَلْ ثَارَنَا عَلَى مَنْ ظَلَمَنَا وَانْصُرْنَا عَلَى مَنْ عَادَانَا وَلَا

देना। हमारा बदला उन लोगों से लेना जिनहों ने हमपर ज़ुल्म किया व हमारे दुश्मनों के मुक़ाबिल

تَجْعَلُ مُصِيبَتَنَا فِي دِينِنَا وَلَا تَجْعَلِ الدُّنْيَا اَكْبَرَ هَمِّنَا وَلَا

मे हमारी मदद करना। हमारे दीन मे कोई मुसीबत न आने पाए और दुनिया हमारी आख़री आरज़ू

مَبْلَغَ عِلْمِنَا وَلَا تُسَلِّطْ عَلَيْنَا مَنْ لَا يَرْحَمُنَا بِرَحْمَتِكَ يَا اَرْحَمَ

न बन्ने पाए और हमारे इल्म की इन्तिहा न क़रार पाए। हमपर किसी ऐसे व्यकति को मुसल्लत न

الرَّاحِمِيْنَ

कर देना जो मेहेरबानी न जानता हो। अपने रहमो करम से ऐ बेहतरीन रहम करनेवाले।

यह दुआ इन्तेहाई जामे और कामिल है। उसके दूसरे वक्तों में भी पढ़ा जा सकता है। अवालीउल ल्याली से नक़्ल किया है के रसूले अक्रम (स) इस दूआ को हंमेशा पढ़ा करते थे।

सात: हर रोज़ की सलवात जो ज़वाल के समय पढ़ी जाती है उसे भी पढ़े।

आठ: दुआए कुमैल पढ़े के इसका वुरूद भी इसी शब में हुआ है।

नौ: सौ बार ये कहे ताके परवरदिगार उसके गुनाहों को माफ़ कर दे और उसकी हाजतों को पूरा कर दे:

سُبْحَانَ اللهِ وَالْحَمْدُ لِلّٰهِ وَلَا اِلٰهَ اِلَّا اللهُ وَاللهُ اَكْبَرُ

अल्लाह तआला पाक है। व तारीफ़ ख़ुदा के लिए है व ख़ुदा के सिवा कोई माबूद नही व खुदा सबसे बड़ा है।

दस: शेख़ ने मिसबाह में अबू य¿ा से फ़ज़ीलते नीमए शाबान के ज़ैल में नक़्ल किया है के मैंने इमामे सादिक़ (अ) से अर्ज़ किया के इस शब में बेहतरीन दुआ क्या है? फ़रमाया के नमाज़े इशा के बाद दो रकत नमाज़ पढ़े। पहली रकत में सूरह हम्द और सूरह काफ़ेरून और दूसरी रकत में सूरह हम्द और सूरह तौहीद। सलाम के बाद तैंतीस बार: सुबहान अल्लाह; तैंतीस बार: अल हमदो लिल्लाह; चौंतीस बार अल्लाहो अकबर। फिर ये दुआ पढ़े:

يَا مَنْ اِلَيْهِ مَلْجَأُ الْعِبَادِ فِي الْمُهِمَّاتِ وَ اِلَيْهِ يَفْزَعُ الْخَلْقُ فِي

ऐ वो जात जिसकी तरफ़ कठिनाईयों मे बंदों की पनाह है। और जिसकी तरफ़ मख़लूक़ात मसाएब

الْمُلِمَّاتِ يَا عَالِمَ الْجَهْرِ وَ الْخَفِيَّاتِ وَ يَا مَنْ لاَ تَخْفٰى عَلَيْهِ خَوَاطِرُ

मे फ़रयाद करती हैं। ऐ ज़ाहिर व बातिन के जानने वाले। ऐ वो जिसपर दिलों के ख़यालात और

الْاَوْهَامِ وَ تَصَرُّفُ الْخَطَرَاتِ يَا رَبَّ الْخَلاَئِقِ وَ الْبَرِيَّاتِ يَا مَنْ بِيَدِهِ

ख़यालों के तसर्रुफ़ात छुपे नही हैं। ऐ तमाम मख़लूक़ात के पर्वर्दिगार। ऐ वो जिसके हाथों मे ज़मीनो

مَلَكُوْتُ الْاَرَضِيْنَ وَ السَّمٰوَاتِ اَنْتَ اللهُ لاَ اِلٰهَ اِلاَّ اَنْتَ اَمُتُّ

आसमान की कुल हुकूमत है। तू वो ख़ुदा है जिसके अलावा कोई ख़ुदा नही है। मै तुझ से ला

اِلَيْكَ بِلاَ اِلٰهَ اِلاَّ اَنْتَ فَيَا لاَ اِلٰهَ اِلاَّ اَنْتَ اجْعَلْنِيْ فِيْ هٰذِهِ اللَّيْلَةِ

इलाहा इल्ललाह द्वारा पनाह चाता हूँ। ऐ वो ख़ुदा जिसके अलावा कोई ख़ुदा नही है। मुझे आज की

مِمَّنْ نَظَرْتَ اِلَيْهِ فَرَحِمْتَهٗ وَ سَمِعْتَ دُعَآئَهٗ فَاَجَبْتَهٗ وَ عَلِمْتَ

रात उन लोगों मे क़रार देदे जिनपर तूने निगाहे रहमत की है। और जिनकी दुआओं को सुनकर

اسْتِقَالَتَهٗ فَاَقَلْتَهٗ وَ تَجَاوَزْتَ عَنْ سَالِفِ خَطِيْئَتِهٖ وَ عَظِيْمِ

क़ुबूल किया है। जिनकी ग़लतियों को माफ़ किया है। जिनकी ख़ताओं और गुनाहों को टाल दिया

جَرِيْرَتِهٖ فَقَدِ اسْتَجَرْتُ بِكَ مِنْ ذُنُوْبِيْ وَ لَجَاْتُ اِلَيْكَ فِيْ سَتْرِ عُيُوْبِيْ

है। मै भी अपने गुनाहों मे तेरी पनाह चाहता हूँ। और अपने उयूब की परदापोशी मे तेरी तरफ़

اَللّٰهُمَّ فَجُدْ عَلَيَّ بِكَرَمِكَ وَ فَضْلِكَ وَاحْطُطْ خَطَايَايَ بِحِلْمِكَ

मुलतजी हूँ। ख़ुदाया अपने फ़ज़्ल व करम से मेरे ऊपर एसान कर। और अपने हिल्म व अफ़ू से

وَ عَفْوِكَ وَ تَغَمَّدْنِيْ فِيْ هٰذِهِ اللَّيْلَةِ بِسَابِغِ كَرَامَتِكَ وَاجْعَلْنِيْ

मेरी ख़ता को माफ़ करदे। आजकी रात मुझे अपनी मुकम्मल करामत मे ढ़ाँप ले और उन बंदों मे

فِيْهَا مِنْ اَوْلِيَآئِكَ الَّذِيْنَ اجْتَبَيْتَهُمْ لِطَاعَتِكَ وَاخْتَرْتَهُمْ

क़रार देदे जिनको तूने इताअत के लिए चुन लिया है और इबादत के लिए चुन लिया है। और अपने

لِعِبَادَتِكَ وَجَعَلْتَهُمْ خَالِصَتَكَ وَ صَفْوَتَكَ اَللّٰهُمَّ اجْعَلْنِيْ مِمَّنْ

सच्चे बंदों मे क़रार दिया है। ख़ुदाया मुझे उनमे क़रार देदे जो नेकबख्त हों। और जिन का हिस्सा

سَعَدَ جَدُّهٗ وَ تَوَفَّرَ مِنَ الْخَيْرَاتِ حَظُّهٗ وَاجْعَلْنِيْ مِمَّنْ سَلِمَ فَنَعِمَ

नेकियों मे वाफ़र हो। और जिनको सलामती के साथ नेमत मिली। और कामयाबी के साथ मुनाफ़े

وَ فَازَ فَغَنِمَ وَاكْفِنِيْ شَرَّ مَا اَسْلَفْتُ وَاعْصِمْنِيْ مِنَ الْاِزْدِيَادِ

हासिल हुए। मुझे पिछले आमाल के शर से महफ़ूज़ रखना। और मासियतों मे इज़ाफ़े से रोके

فِيْ مَعْصِيَتِكَ وَ حَبِّبْ اِلَيَّ طَاعَتَكَ وَ مَا يُقَرِّبُنِيْ مِنْكَ وَ يُزْلِفُنِيْ

रखना। मेरे लिए अपनी इताअत और तक़रर्रूब के आमाल को महबूब बना दे। ख़ुदाया हर भागने

عِنْدَكَ سَيِّدِيْ اِلَيْكَ يَلْجَأُ الْهَارِبُ وَ مِنْكَ يَلْتَمِسُ الطَّالِبُ وَ

वाला तेरी पनाह चाहता है और हर तलबगार तुझसे इलतिमास करता है। और हर तौबा करने

عَلٰى كَرَمِكَ يُعَوِّلُ الْمُسْتَقِيْلُ التَّائِبُ اَدَّبْتَ عِبَادَكَ بِالتَّكَرُّمِ

वाला तेरे करम पर भरोसा करता है। के तूने अपने बंदोंको करम सिखाया है तो तू सबसे ज़्यादा

وَاَنْتَ اَكْرَمُ الْاَكْرَمِيْنَ وَاَمَرْتَ بِالْعَفْوِ عِبَادَكَ وَاَنْتَ الْغَفُوْرُ

करम करने वाले है। तूने अपने बंदों को माफ़ी का हुक्म दिया है। तू तो ग़फ्फूर व रहीम है। ख़ुदाया

الرَّحِيْمُ اَللّٰهُمَّ فَلَا تَحْرِمْنِىْ مَا رَجَوْتُ مِنْ كَرَمِكَ وَلَا تُؤْيِسْنِىْ

मै तेरे जिस करम की उम्मीद रखता हूँ। उस से महरूम न करना। और जो नेमतें चाहता हूँ। उन

مِنْ سَابِغِ نِعَمِكَ وَلَا تُخَيِّبْنِىْ مِنْ جَزِيْلِ قِسَمِكَ فِىْ هٰذِهِ اللَّيْلَةِ

से मायूस न करना। और आज की रात जो अहले ताअत का बेहतरीन हिस्सा है उससे नाउम्मीद

لِاَهْلِ طَاعَتِكَ وَ اجْعَلْنِىْ فِىْ جُنَّةٍ مِنْ شِرَارِ بَرِيَّتِكَ رَبِّ اِنْ لَمْ

न करना। बदतरीन बंदों के शर से अपनी पनाह मे रखना। ख़ुदाया अगर मै इसका अहल नही हूँ।

اَكُنْ مِنْ اَهْلِ ذٰلِكَ فَاَنْتَ اَهْلُ الْكَرَمِ وَ الْعَفْوِ وَ الْمَغْفِرَةِ وَجُدْ

तू तो अहले करमो अफ़ू मग़ाफ़िरत है। अब मुझपर वो करम कर जिसक तू अहल है। वो नही

عَلَىَّ بِمَا اَنْتَ اَهْلُهٗ لَا بِمَا اَسْتَحِقُّهٗ فَقَدْ حَسُنَ ظَنِّىْ بِكَ وَ تَحَقَّقَ

जिसका मै हक़दार हूँ। मै तुझसे हुस्ने ज़न रखता हूँ। और मेरी उम्मीद तेरी ही ज़ात से है। मेरा नफ़्स

رَجَآئِىْ لَكَ وَ عَلِقَتْ نَفْسِىْ بِكَرَمِكَ فَاَنْتَ اَرْحَمُ الرَّحِمِيْنَ وَ اَكْرَمُ

तेरे करम से वाबस्ता है के तू बेहतरीन रहमकरने वाला और ऐ बेहतरीन करम करने वाला है।

اَلْاَكْرَمِيْنَ اَللّٰهُمَّ وَاخْصُصْنِيْ مِنْ كَرَمِكَ بِجَزِيْلِ قِسَمِكَ وَاَعُوْذُ

ख़ुदाया अपने करम के बेहतरीन हिस्से से मुझको मख़सूस करदे। और मै तेरी सज़ा से तेरी माफ़ी

بِعَفْوِكَ مِنْ عُقُوْبَتِكَ وَاغْفِرْ لِيَ الذَّنْبَ الَّذِيْ يَحْبِسُ عَلَيَّ الْخُلُقَ

की पनाह मे आया हूँ। लेहाज़ा मेरे गुनाहों को माफ़ करदे जो अख़लाक को बिगाड़ें और रिज़्क़ को

وَ يُضَيِّقُ عَلَيَّ الرِّزْقَ حَتّٰى اَقُوْمَ بِصَالِحِ رِضَاكَ وَ اَنْعَمَ بِجَزِيْلِ

तंग बना दें। ताके मै तेरी रज़ा के लिए नेक काम कर सकूँ। और तेरी अताओं से बेहरावर हो सकूँ।

عَطَآئِكَ وَ اَسْعَدَ بِسَابِغِ نَعْمَآئِكَ فَقَدْ لُذْتُ بِحَرَمِكَ وَ تَعَرَّضْتُ

तेरी मुकम्मल नेमतों से नेक बख्त हो सकूँ। मै तेरे हरम की पनाहगाह मे तेरे करम का तलबगार

لِكَرَمِكَ وَاسْتَعَذْتُ بِعَفْوِكَ مِنْ عُقُوْبَتِكَ وَبِحِلْمِكَ مِنْ غَضَبِكَ

हूँ। तेरे अज़ाब के मुक़ाबले मे तेरी माफ़ी का तालिब हूँ। और तेरे गज़ब के मुक़ाबले मे तेरा हिल्म

فَجُدْ بِهَا سَئَلْتُكَ وَ اَنِلْ مَا الْتَمَسْتُ مِنْكَ اَسْئَلُكَ بِكَ لَا بِشَيْءٍ

चाहता हूँ। ख़ुदाया जो माँग रहा हूँ वो देदे। और जिसकी इल्तेमास कर रहा हूँ। वो अता करदे। मै

هُوَ اَعْظَمُ مِنْكَ.

तुझसे तेरे ही वसीले से सवाल करता हूँ। न किसी ऐसे के वसीले से जो तुझसे बालातर हो।

उसके बाद सजदे में जाए और बीस बार कहे: يَارَبِّ सात बार: يَااَللّٰهُ फिर सात बार: لَاحَوْلَ وَلَاقُوَّةَ اِلَّا بِاللّٰهِ उसके बाद दस बार: مَاشَآءَاللّٰهُ उसके बाद दस बार: لَاحَوْلَ وَلَاقُوَّةَ اِلَّا بِاللّٰهِ

तेंजाह ीनपअ रकढ़प तावलस रप (अ) दमम्होम लेआ ोदमम्होम रफि रऔ ।रेक बलत
ीभ बत ीगोंह रबारब के तारतक़ के शरीब तेंजाह ीकसउ रगअ मसक़ ीक ादख़ु ।ागरक ारपू बस से मरक ोलज़फ़ नेपअ रागदरिवरप
ीभ आदु हय में बश सइ के है ायामरफ़ ने ीमअफ़क रऔ ीसतू ख़शे :हरायग :ढ़ेप

اِلٰهِی تَعَرَّضَ لَکَ فِی هٰذَا اللَّیْلِ الْمُتَعَرِّضُونَ وَقَصَدَکَ

ख़ुदाया आज की रात तमाम तलबगारों ने तुझसे तलब किया है। तमाम मुरीदों ने तेरा इरादा

الْقَاصِدُونَ وَاَمَّلَ فَضْلَکَ وَمَعْرُوفَکَ الطَّالِبُونَ وَلَکَ فِی هٰذَا

किया है। और तमाम साएलों ने तेरे फ़ज़्ल व करम से उमम्मीद रखी है। आज की रात तेरी तरफ़

اللَّیْلِ نَفَحَاتٌ وَجَوَائِزُ وَعَطَایَا وَمَوَاهِبُ تَمُنُّ بِهَا عَلٰی مَنْ تَشَاءُ

से अलताफ़ हैं, जाएजे हैं, अताया हैं, इनामात हैं। तू जिनको चाहता है दे देता है। और जिन पर

مِنْ عِبَادِکَ وَتَمْنَعُهَا مَنْ لَمْ تَسْبِقْ لَهُ الْعِنَایَةُ مِنْکَ وَهَا اَنَا ذَا

तेरी इनायत नही है। उनहें मना कर देता है। मै तो तेरा बंद ए हकीर व फ़क़ीर और तेरे फ़ज़्ल व

عُبَیْدُکَ الْفَقِیرُ اِلَیْکَ الْمُؤَمِّلُ فَضْلَکَ وَمَعْرُوفَکَ فَاِنْ کُنْتَ

करम का उम्मीदवार हूँ। ख़ुदाया आज की रात अगर तूने किसी बंदे पर फ़ज़्ल किया है और अगर

یَا مَوْلَایَ تَفَضَّلْتَ فِی هٰذِهِ اللَّیْلَةِ عَلٰی اَحَدٍ مِنْ خَلْقِکَ وَعُدْتَ

किसी बंदे पर कोई मेहेरबानी की है। तो मुहम्मद व आले मुहम्मद पर रहमत फ़ाज़ल फ़रमा। जो

عَلَيْهِ بِعَائِدَةٍ مِنْ عَطْفِكَ فَصَلِّ عَلٰى مُحَمَّدٍ وَآلِ مُحَمَّدٍ الطَّيِّبِيْنَ

तेरे तय्यब व ताहिर मुंताख़िब व फ़ाज़िल बंदे हैं। और मुझ पर अपने फ़ज़्ल व करम से मेहेरबानी

الطَّاهِرِيْنَ الْخَيِّرِيْنَ الْفَاضِلِيْنَ وَجُدْ عَلَيَّ بِطَوْلِكَ وَمَعْرُوفِكَ يَا رَبَّ

कर देना। ऐ आलमीन के पालने वाले अल्लाह की रहमत हो हज़रत मुहम्मद ख़ातिमुन नबीईन पर

الْعَالَمِيْنَ وَصَلَّى اللهُ عَلٰى مُحَمَّدٍ خَاتَمِ النَّبِيِّيْنَ وَآلِهِ الطَّاهِرِيْنَ

और उनकी आले ताहिरीन पर। और सलाम हो बेशुमार उन सब पर। अल्लाह हम्द के लाएक़

وَسَلَّمَ تَسْلِيمًا اِنَّ اللّٰهَ حَمِيدٌ مَجِيدٌ اَللّٰهُمَّ اِنِّي اَدْعُوكَ كَمَا اَمَرْتَ

भी है और मजीद भी है। ख़ुदाया मै तुझसे वैसे ही दुआ करता हूँ जैसे तूने हुक्म दिया तो तू ऐसेही

فَاسْتَجِبْ لِي كَمَا وَعَدْتَ اِنَّكَ لَا تُخْلِفُ الْمِيعَادَ

क़ुबूल करलेना जैसे तूने वादा किया है। के तू अपने वादे के ख़िलाफ़ नही करता है।

यह वह दुआ है जो सहर के समय नमाज़े शफ्अ के बाद भी पढ़ी जाती है।
बारह: नमाज़े शब की और नमाज़े शफ्अ की हर दो रकत के बाद और नमाज़े वत्र के बाद वह दुआएं पढें जो शेख़ो सय्यद ने नक़्ल की हैं।
तेरह: वह सजदे और दुआएं बजा लाए जो रसूले अक्रम (स) से मनक़ूल हैं। जिनमें से एक रिवायत वह है जो शेख़ ने हम्माद बिन ईसा से अबान बिन तग़लब के वास्ते से नक़्ल की है के इमामे जाफ़रे सादिक़ (अ) ने फ़रमाया के जब नीमए शाबन की रात आई तो रसूले अक्रम (स) हुजरए आयशा में गये। आधी रात के बाद आप उठे और इबादत में मशग़ूल हो गए। उसके बाद आयशा की आँख खुली तो देखा के पैंगमबर हुजरे में मौजूद नहीं हैं। ख़याल पैदा हुआ के शायद किसी और ज़ौजा के पास चले गए हैं। लेहाज़ा चादर संभाल

कर तलाश में निकल पड़ी और सब पत्नियों के कमरों में ढूंढा तो देखा के हज़रत सजदे में हैं। और चादर जैसे ज़मीन से चिपकी हुई हो। देखा के आप सजदे में हैं और कह रहे हैं:

سَجَدَلَكَ سَوَادِیْ وَخَیَالِیْ وَ اٰمَنَ بِكَ فُؤَادِیْ هٰذِهٖ یَدَایَ

ऐ अल्लाह तेरी बारगाह मे मेरा वुजूद मेरा ख़याल सजदा रेज़ है। मेरा दिल तेरी आस्था रखता है।

وَمَا جَنَیْتُهٗ عَلٰی نَفْسِیْ یَا عَظِیْمُ تُرْجٰی لِكُلِّ عَظِیْمٍ اِغْفِرْ

ये मेरे दोनो हाथ व उनके आमाल हैं। जो मैने अंजाम दिये हैं। तू ख़ुदा ए अज़ीम है। हर अज़ीम के

لِیَ الْعَظِیْمَ فَاِنَّهٗ لَا یَغْفِرُ الذَّنْبَ الْعَظِیْمَ اِلَّا الرَّبُّ

लिए तुझसे ही उम्मीद की जती है। मेरे अज़ीम गुनाहों को माफ़ करदे। इस लिए के अज़ीम गुनाहों

उसके बाद हज़रत ने सर उठाया और दोबारा सजदे में गए। तो आयशा ने सुना के कह रहे हैं:

الْعَظِیْمُ.

को सिवाय ख़ुदाए अज़ीम के कोई माफ़ नही कर सकता है।

اَعُوْذُ بِنُوْرِ وَجْهِكَ الَّذِیْ اَضَآئَتْ لَهُ السَّمٰوٰتُ وَ الْاَرَضُوْنَ

ख़ुदाया मै तेरे नूरे ज़ात से पनाह चाहता हूँ। जिस्से ज़मीनो आसमान रौशन हैं। और अंधेरे

وَانْكَشَفَتْ لَهُ الظُّلُمَاتُ وَ صَلَحَ عَلَیْهِ اَمْرُ الْاَوَّلِیْنَ وَ الْاٰخِرِیْنَ

छट गए हैं। और अव्वलीन व आाख़िरिन के उमूर की इसलाह हुई है। के अचानक तेरा

مِنْ فُجَاْةِ نَقِمَتِكَ وَمِنْ تَحْوِیْلِ عَافِیَتِكَ وَ مِنْ زَوَالِ نِعْمَتِكَ

अज़ाब नाज़िल न हो जाए। और ये आफ़ियत पलट न जाए। ये नेमतें जाएल न हो जाएं।

اَللّٰھُمَّ ارْزُقْنِیْ قَلْبًا تَقِیًّا نَقِیًّا وَمِنَ الشِّرْكِ بَرِیْٓـئًا لاَ کَافِرًا وَلاَ

ख़ुदाया मुझे वो दिल दे जो ख़ाफ़जदा पाकीज़ा और शिर्क से बरी हो। न काफ़िर हो न शक़ी

شَقِیًّا۔

हो।

फिर हज़रत ने दोनों रूखसार ख़ाक पर रखे और यह दुआ की:

عَفَّرْتُ وَجْھِی فِی التُّرَابِ وَحُقَّ لِی اَنْ اَسْجُدَلَكَ.

मै अपने चेहरे को ख़ाक पर रखे हुए हूँ। और ये मेरा फ़र्ज़ है के मै तुझको सजदा करूँ।

उसके बाद जब रसूले अक्रम (स) ने उठना चाहा तो आयशा दौड़ कर अपने बिस्तर पर चली गई। आप तशरीफ़ लाए और देखा के सो रही हैं। फ़रमाया यह क्या तरीका है? क्या तुम्हें मालूम नहीं है के यह कौनसी रात है? यह शाबान की पंद्रहवीं शब है। इसमें रोज़ी बाँटी जाती है। ज़िदगियां लिखी जाती हैं और हज में जानेवालों का फ़ैसला होता है। ख़ुदा की क़सम आज की रात परवरदिगारे आलम इस कसरत से बंदो को मा॰फ करता है जो कबीला बनी कलब के बकरीयों के बालों से भी ज्यादा है। और ख़ुदा मलाएका को आसमान से ज़मीन की तऱफ ऩाजल करता है।

चौदह: नमाज़े ज़ाफरे तय्यार अदा करे जैसा के शेख़ ने इमामे ऱजा (अ) से न॰क्ल किया है।

पंद्रह: आज की शब की नमा॰जों को बजा लाए जो बहुत ज्यादा हैं। जिनमें से एक नम़ाज वह है जिसकी रिवायत अबू या सिनानी ने इमामे ज़ाफरे साद्कि (अ) से ऩक्ल की है। और उन दोनों बुज़ुर्गवारों ने तीस बुज़ुर्ग व्यक्तियों से रिवायत ऩक्ल की है।

जब नीमए शाबान आए तो चार रकत नमाज़ अदा करे और हर रकत में सूरह हम्द के बाद सौ बार सूरह तौहीद पढ़े। नमाज़ के बाद कहे:

اَللّٰهُمَّ اِنِّیْ اِلَیْكَ فَقِیْرٌ وَمِنْ عَذَابِكَ خَائِفٌ مُسْتَجِیْرٌ اَللّٰهُمَّ

ख़ुदाया मै तेरा ही फ़क़ीर हूँ और तेरे अज़ाब से डरता हूँ। मालिक मेरे नाम को बदल न देना। और

لَا تُبَدِّلِ اسْمِیْ وَلَا تُغَیِّرْ جِسْمِیْ وَلَا تَجْهَدْ بَلَائِیْ وَلَا تُشْمِتْ

मेरे जिस्म को दिगरगूँ न कर देना। मेरी बालाओं को सख्त न कर देना और मेरे दुश्मनो को ताने

بِیْ اَعْدَائِیْ اَعُوْذُ بِعَفْوِكَ مِنْ عِقَابِكَ وَاَعُوْذُ بِرَحْمَتِكَ مِنْ

का माक़ा न देना। ख़ुदाया मै तेरे अज़ाब से तेरी माफ़ी की पनाह चाहता हूँ। और तेरे इक़ाब से

عَذَابِكَ وَاَعُوْذُ بِرِضَاكَ مِنْ سَخَطِكَ وَاَعُوْذُ بِكَ مِنْكَ جَلَّ

तेरी रहमत का सहाता चाहता हूँ। तेरी नाराज़गी से तेरी रिज़ा और तुझसे तेरी ही पनाह चाहता हूँ।

ثَنَاؤُكَ اَنْتَ كَمَا اَثْنَیْتَ عَلٰی نَفْسِكَ وَفَوْقَ مَا یَقُوْلُ

तेरी सना जलील है। जिस तरह तूने अपनी तारीफ़ की है और उससे बालातर है जो तमाम तारीफ़

الْقَائِلُوْنَ

करनेवाले करते हैं।

वाज़ेह रहे के इस रात में सौ रकत नमाज़ की भी बेहद फ़ज़ीलत वारिद हुई है जिसमें हर रकत में सूरह हम्द के बाद दस बार सूरह तौहीद पढ़ा जाए। और माहे रजब के आमाल में उस छे रकत नमाज़ का तरीक़ा भी बयान किया जा चुका है। जिसमें सूरह हम्द, यासीन, सूरह मुल्क और तौहीद पढ़ा जाता है।

पंद्रह शाबान का दिन

बेहतरीन ईद का दिन है जो हज़रत इमामे अस्र (अ) का दिन है। और इस

दिन में हर ज़मान और हर मकान में हज़रत की ज़ियारत और आपके ज़ुहूर के लिए दुआ मुस्तहब है। ख़ुसूसियत के सामर्रह और सरदाब में यह दुआ की जाए। के आप का ज़ुहूर यक़ीनी है और आपकी हुकूमत भी क़तई। आप ही वह हैं जो ज़ुल्मो जौर से भरी हुई दुनिया को अद्लो इन्साफ़ से भर देंगे।

शाबान के बाक़ी आमाल

इमामे रज़ा (अ) से नक़्ल किया गया है के जो व्यक्ति भी शाबान के आाख़िर में तीन दिन रोज़ा रख कर उसे माहे रमज़ान से मिला दे उसको दो महीने का सवाब मिल जाएगा।

अबु सल्त हरवी ने रिवायत की है के शाबान के आख़री जुमा में इमामे रज़ा (अ) की ख़िदमत में हाज़र हुआ। तो आप ने फ़रमाया के अबू सल्त माहे शाबान का ज़्यादा हिस्सा गुज़र गया है। अब यह आख़री जुमा है। लेहाज़ा जो कोताहियाँ हो गई हैं उनकी तलाफ़ी करो और वह काम करो जो मुफ़ीद है। दुआ और इस्तेग़फ़ार करो। तिलावते क़ुरआन करो गुनाहों से तौबा करो ताके जब माहे मुबारक आए तो बिल्कुल पाक साफ़ रहो और ख़बरदार तुम्हारी गर्दन पर किसी की अमानत और कोई हक न रह जाए मगर यह के अदा करदो और ख़बरदार दिल में किसी का कीना न रहे। और अगर कोई गुनाह किया है तो उससे तौबा करो और उसे तर्क कर दो। वह ख़ुदा है उसी पर भरोसा करो और हर हाल में उसी पर तवक्कुल करो और इस दुआ को मुसलसल पढ़ते रहो। यक़ीनन इस महीने में परवरदिगार बेशुमार बंदों को आतेशि जहन्नम से आज़ाद करता है:

اَللّٰهُمَّ اِنْ لَمْ تَكُنْ غَفَرْتَ لَنَا فِيْمَا مَضٰى مِنْ شَعْبَانَ فَاغْفِرْ لَنَا

ख़ुदाया अगर तूने शाबान के महीने के पिछले दिनों मे हमे माफ़ नही किया है तो इन बाक़ी दिनों

فِيْمَا بَقِيَ مِنْهُ.

मे हमे बख़्श दे।

शाबान की आख़री शब

हुरमेत माहे रमज़ान के लिए शेख़ तूसी ने हारिस बिन मुग़ीरा नज़री से रिवायत की है के इमामे सादिक़ (अ) शबे आाख़िरे शाबान और शबे अव्वले रमज़ान इस दुआ को पढ़ा करते थे:

اَللّٰهُمَّ اِنَّ هٰذَا الشَّهْرَ الْمُبَارَكَ الَّذِیْ اُنْزِلَ فِیْهِ الْقُرْاٰنُ وَ جُعِلَ

ख़ुदाया ये वो मुबारक महीना है जिसमे क़रआन भेजा गया है। और जिसे लोगों के लिए हिदायत बनाया गया

هُدًی لِلنَّاسِ وَ بَیِّنَاتٍ مِنَ الْهُدٰی وَ الْفُرْقَانِ قَدْ حَضَرَ فَسَلِّمْنَا

है। और जिसमे हिदायत की निशानियाँ क़रार दी गई हैं। अब ये महीना आ गया है। हमे इसमे सलामत रखना

فِیْهِ وَ سَلِّمْهُ لَنَا وَ تَسَلَّمْهُ مِنَّا فِیْ یُسْرٍ مِنْكَ وَ عَافِیَةٍ یَا مَنْ اَخَذَ

और इसे हमारे लिए सलामती क़रार देना। सहूलत व आसानी के साथ तू हमारे आमाल को क़ुबूल कर लेना।

الْقَلِیْلَ وَ شَكَرَ الْكَثِیْرَ اِقْبَلْ مِنِّی الْیَسِیْرَ اَللّٰهُمَّ اِنِّیْ اَسْئَلُكَ اَنْ

ऐ वो जो मुख़तसर आमाल को लेलेता है और कसीर पर शुक्रिया अदा करता है। हमारे हक़ीर आमाल को

تَجْعَلَ لِیْ اِلٰی كُلِّ خَیْرٍ سَبِیْلاً وَ مِنْ كُلِّ مَا لاَ تُحِبُّ مَانِعًا یَا اَرْحَمَ

क़ुबूल करले। ख़ुदाया मै तुझसे विन्ती करता हूँ के मेरे लिए हर ख़ैर का रास्ता बना दे। और हर शर के लिए

الرَّاحِمِیْنَ یَا مَنْ عَفَا عَنِّیْ وَ عَمَّا خَلَوْتُ بِهٖ مِنَ السَّیِّئَاتِ یَا مَنْ

हर बुराई के लिए एक रूकावट क़रार देदे। के तू सब से ज़्यादा मेहेरबान है। ऐ वो जिसने मुझे माफ़ किया है

لَمْ يُؤَاخِذْنِيْ بِارْتِكَابِ الْمَعَاصِيْ عَفْوَكَ عَفْوَكَ يَا كَرِيْمُ اِلٰهِيْ وَ

और मेरी उन बुराईयों को माफ़ किया है जो मैने एकांत मे की हैं। और मासीयतों मे पड़ने की सज़ा नही दी

عَظْتَنِيْ فَلَمْ اَتَّعِظْ وَزَجَرْتَنِيْ عَنْ مَحَارِمَكَ فَلَمْ اَنْزَجِرْ فَمَا عُذْرِيْ

है। ख़ुदाया माफ़ करदे माफ़ करदे। ऐ करीम मुझे माफ़ करदे। मालिक तूने मुझे नसीहत की तो मैने क़ुबूल

فَاعْفُ عَنِّيْ يَا كَرِيْمُ عَفْوَكَ عَفْوَكَ اَللّٰهُمَّ اِنِّيْ اَسْئَلُكَ الرَّاحَةَ

न की और गुनाहों से रोका तो मै रूका नही। अब मेरा बहाना कया है? अब तू ही माफ़ करदे। ऐ करीम तेरी

عِنْدَ الْمَوْتِ وَ الْعَفْوَ عِنْدَ الْحِسَابِ عَظُمَ الذَّنْبُ مِنْ عَبْدِكَ

माफ़ी तेरी माफ़ी चाहता हूँ। ख़ुदाया मै तुझसे मौत के समय राहत और हिसब के समय माफ़ी माँगता हूँ। तेरे

فَلْيَحْسُنِ التَّجَاوُزُ مِنْ عِنْدِكَ يَا اَهْلَ التَّقْوٰى وَيَا اَهْلَ الْمَغْفِرَةِ

बंदे के गुनाह बहुत बड़े हैं। लेहाज़ा तेरी माफ़ी भी हसीन होनी चाहिए। ऐ तक़वा वाले ऐ मग़िफ़रत वाले तेरी

عَفْوَكَ عَفْوَكَ اَللّٰهُمَّ اِنِّيْ عَبْدُكَ بْنُ عَبْدِكَ بْنُ اَمَتِكَ ضَعِيْفٌ

माफ़ी तेरी माफ़ी चाहता हूँ। ख़ुदाया मै तेरा बंदा तेरे बंदे का बेटा और तेरी कनीज़ का बेटा हूँ। कमज़ोर हूँ तेरी

فَقِيْرٌ اِلٰى رَحْمَتِكَ وَ اَنْتَ مُنْزِلُ الْغِنٰى وَ الْبَرَكَةِ عَلَى الْعِبَادِ قَاهِرٌ

रहमत का मोहताज हूँ। तू बेनियाज़ है और बरकत भेजने वाला है। बंदों पर ताक़त व ग़ल्बा रखनेवाला है।

مُقْتَدِرٌ اَحْصَيْتَ اَعْمَالَهُمْ وَ قَسَمْتَ اَرْزَاقَهُمْ وَ جَعَلْتَهُمْ مُخْتَلِفَةً

तूने उनके आमाल का हिसाब कर लिया है और रोज़ी को बांट दिया है उनके लिए मुख़तलिफ़ रंग व ज़बाने

اَلْسِنَتُهُمْ وَاَلْوَانُهُمْ خَلْقًا مِنْ بَعْدِ خَلْقٍ وَلَا يَعْلَمُ الْعِبَادُ عِلْمَكَ

बनाई हैं। मुसलसल ख़ल्क किया है। तेरे बंदों के पास तेरा इल्म नही है और तेरे बंदों के इख़्तियार मे तेरा

وَلَا يَقْدِرُ الْعِبَادُ قَدْرَكَ وَ كُلُّنَا فَقِيْرٌ اِلٰى رَحْمَتِكَ فَلَا تَصْرِفْ عَنِّىْ

फ़ैसला नही है। हम सब तेरी रहमत के फ़क़ीर हैं। लेहाजा अपने रूख़ को हमसे मोड़ न लेना। हमे अमल मे,

وَجْهَكَ وَاجْعَلْنِىْ مِنْ صَالِحِىْ خَلْقِكَ فِى الْعَمَلِ وَ الْاَمَلِ وَ الْقَضَآءِ

उम्मीद मे, क़ज़ा व क़दर मे अपने नेक बंदों मे क़रार दे देना। ख़ुदाया ज़िंदा रखना तो बेहतरीन हयात के साथ।

وَ الْقَدَرِ اَللّٰهُمَّ اَبْقِنِىْ خَيْرَ الْبَقَآءِ وَ اَفْنِنِىْ خَيْرَ الْفَنَآءِ عَلٰى مُوَالَاتِهٖ

और उठा लेना तो बेहतरीन मौत के साथ। अपने औलिया की मोहब्ब्त और अपने दुश्मनों की दुश्मनी पर

اَوْلِيَآءِكَ وَ مُعَادَاةِ اَعْدَآئِكَ وَ الرَّغْبَةِ اِلَيْكَ وَ الرَّهْبَةِ مِنْكَ وَ

अपनी बारगाह की रग़बत और अपने जलाल का भय। ख़ुज़ू, वफ़ा, जज़बा ए तसलीम, अपनी किताब की

الْخُشُوْعِ وَ الْوَفَآءِ وَ التَّسْلِيْمِ لَكَ وَ التَّصْدِيْقِ بِكِتَابِكَ وَ اتِّبَاعِ

तसदीक और अपने रसूल की सुन्नत की पैरवी की तौफ़ीक़ इनायत कर। ख़ुदाया जो मेरे दिल मे शक, रैब,

سُنَّةِ رَسُوْلِكَ اَللّٰهُمَّ مَا كَانَ فِىْ قَلْبِىْ مِنْ شَكٍّ اَوْ رِسْبَةٍ اَوْ جُحُوْدٍ اَوْ

इन्कार, मायूसी, गुरूर, अकड़, तकब्बुर, रियाकारी, ख़ुद नुमाई, इख़्तिलाफ़, निफ़ाक़, कुफ़्र, फ़िस्क, इसयान,

قُنُوْطٍ اَوْ فَرَحٍ اَوْ بَذَخٍ اَوْ بَطَرٍ اَوْ خُيَلَآءَ اَوْ رِيَآءٍ اَوْ سُمْعَةٍ اَوْ شِقَاقٍ

हर बुराई या कोई न पसंदीदा चीज़ हो तो मै तुझ से इलतिजा करता हूँ के उसकी जगह पर अपने वादे का

اَوْ نِفَاقٍ اَوْ كُفْرٍ اَوْ فُسُوْقٍ اَوْعِصْيَانٍ اَوْ عَظَمَةٍ اَوْ شَيْءٍ لَا تُحِبُّ

ईमान अपने अहद की वफ़ा अपने क़ज़ा व क़दर की रिज़ा दुनिया मे ज़ोहोद, आख़िरत की रग़बत, सुकून,

فَاَسْئَلُكَ يَارَبِّ اَنْ تُبَدِّلَنِيْ مَكَانَهٗ اِيْمَانًا بِوَعْدِكَ وَوَفَآءً بِعَهْدِكَ

इतमेनान और ख़ालिस तौबा इनायत कर। के मै ये सब तुझही से माँग रहा हूँ। ऐ रब्बुल आलमीन। ख़ुदाया

وَ رِضًا بِقَضَآئِكَ وَ زُهْدًا فِي الدُّنْيَا وَ رَغْبَةً فِيْمَا عِنْدَكَ وَ اَثَرَةً وَ

तेरे हिल्म की बिना पर तेरी मासियत की जाती है और तेरे जूद व करम की बिना पर तेरी इताअत की जाती

طُمَاْنِيْنَةً وَتَوْبَةً نَصُوْحًا اَسْئَلُكَ ذٰلِكَ يَارَبَّ الْعَالَمِيْنَ اِلٰهِيْ اَنْتَ

है। और तू वैसे बरताओ करता है जैसे कोई मासियत की ही नही गई है। हालाँके मै बंदे गुनेहगार और जिन

مِنْ حِلْمِكَ تُعْطٰى وَمِنْ كَرَمِكَ وَجُوْدِكَ تُطَاعُ فَكَاَنَّكَ لَمْ تُعْصَ

लोगों ने मासियत नही की है सब तेरी ही ज़मीन के रहनेवाले हैं। लेहाज़ा अपने फ़ज़्ल से हम पर जूद व करम

وَ اَنَا وَمَنْ لَمْ يَعْصِكَ سُكَّانُ اَرْضِكَ فَكُنْ عَلَيْنَا بِالْفَضْلِ جَوَادًا

कर। और अपनी नेकियाँ मुसलसल इनायत कर। ऐ बेहतरीन रहेम करनेवाले। अल्लाह रहमत भेजे मुहम्मद

وَ بِالْخَيْرِ عَوَّادًا يَا اَرْحَمَ الرَّاحِمِيْنَ وَ صَلَّى اللّٰهُ عَلٰى مُحَمَّدٍ وَّ اٰلِهٖ صَلٰوةً

और उनकी आल पर दाएमी सलवात जिसका कोई शुमार न हो सके जिसका कोई अदद न हो। और जिसकी

دَآئِمَةً لَا تُحْصٰى وَلَا تَعُدُّ وَلَا يَقْدِرُ قَدْرَهَا غَيْرُكَ يَا اَرْحَمَ الرَّاحِمِيْنَ.

मिक़दार कोई तै न कर सके। ऐ सबसे ज़्यादा मेहेरबानी करनेवाले।